

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 17 फरवरी 2024 ■ माघ शुक्ल पक्ष-8 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-319 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 18 फरवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार दो युवकों की मौत

**रतनपुर,17 फरवरी।** आज सुबह एक सड़क हादसे में 2 लोगों की जान चली गई है, 2 युवक बाइक पर जा रहे थे, जिन्हें अज्ञात वाहन ने रतनपुर कोरबा मार्ग पर बेलतरा रैनपुर के पास अपनी चपेट में ले लिया जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच आगे की जांच कार्यवाही में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार रतनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलतरा रैनपुर के पास फोरलेन हाइवे में शनिवार सुबह 10.30 बजे के आसपास किसी अज्ञात भारी वाहन ने बजाज प्लेटिना बाइक सवार दो लोगो को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार दोनो व्यक्तियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है।वही मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची रतनपुर पुलिस मृतकों की शिनाख्ति और अज्ञात वाहन की पता तलाश में जुट गई है।

### शाह व राजनाथ का छ.ग. दौरा

**रायपुर,17 फरवरी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह छत्तीसगढ़ में दौरा होने वाला है. मिली जानकारी के अनुसार 22 फरवरी को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, व 3 मार्च को केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का दौरा हो सकता है. ये दोनों राष्ट्रीय नेता एक क्लस्टर में बैठक लेंगे. एक आमसभा को और एक बुद्धिजीवियों से चर्चा करेंगे. आपको बता दें कि रायपुर क्लस्टर में आमसभा कर अमित शाह लोकसभा चुनावी के लिए बिगुल फूकेंगें. साथ ही बस्तर क्लस्टर की बैठक लेंगे और अंत में अमित शाह बिलासपुर क्लस्टर में बुद्धिजीवियों के सम्मेलन में शामिल होंगे. शाह के दौरे को लेकर रूप रेखा तैयार की जा रही हैं. बीजेपी राष्ट्रीय संगठन ने देशभर की लोकसभा को 146 कलस्टरों में बाँटा हैं.

### 'दंगल' गर्ल का निधन

**मुंबई,17 फरवरी।** बॉलीवुड इंडस्ट्री से एक दुखद खबर सामने आ रही है. जानी-मानी एक्ट्रेस और 'दंगल' गर्ल का निधन हो गया है. इस खबर के



मिलने के बाद से उनके चाहने वाले दुखी हैं. मात्र 19 साल की उम्र में 'दंगल' गर्ल ने दुनिया को अलविदा कह दिया है. खबर मिली है कि उनका निधन पूरे शरीर में पानी भरने के कारण हुआ है. कुछ समय पहले सुहानी का एक्सीडेंट हो गया था, जिसकी वजह से उनके पैर में फ्रैक्चर हो गया था. जिसके इलाज में सुहानी ने जो दवाईयां खाई थीं, उससे हुए साइड एफेक्ट के कारण धीरे-धीरे उनके शरीर में पानी भर गया. जिसके बाद वो काफी दिनों से दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती थीं. बॉलीवुड की जानी-मानी चाइल्ड आर्टिस्ट थीं.

### जेएनयू स्टेडियम में गिरा पंडाल, कई लोगों के दबने की आशंका

**नई दिल्ली,17 फरवरी।** देश की राजधानी दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया. स्टेडियम के गेट नंबर 2 के एंट्री गेट पर एक पंडाल गिर गया. इस हादसे में 8 लोग घायल हुए हैं. वहीं कई लोगों के दबे होने की आशंका है, जिनकी तलाश की जा रही है.दक्षिण दिल्ली के डीसीपी ने हादसे की पुष्टि की है. उन्होंने बताया कि जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के गेट नंबर 2 के पास लॉन में काम चल रहा था, जिसका एक हिस्सा शनिवार को ढह गया. पुलिस और फायर डिपार्टमेंट की टीम मौके पर पहुंची है. इस हादसे में 8 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है.

# क्या 'कमल' के होंगे नाथ

## नकुल ने एक्स बायो से हटाया कांग्रेस,पिता-पुत्र पहुंचे दिल्ली

**नई दिल्ली,17 फरवरी।** मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ की बीजेपी में शामिल होने की अटकलें तेज हो गई हैं। बताया जा रहा है कि कमलनाथ और नकुलनाथ आज ही दिल्ली जाने वाले हैं। इतना ही नहीं सांसद नकुलनाथ ने एक्स हैंडल से कांग्रेस का नाम भी हटा दिया है। दरअसल कल ही मध्यप्रदेश बीजेपी केअध्यक्ष वीडी शर्मा ने दोनों का खुले दिल से बीजेपी में स्वागत करने की बात कही थी और तो और, बीजेपी का कोई भी बड़ा नेता दोनों के खिलाफ कोई बयानबाजी भी नहीं कर रहा है। जानकारी के मुताबिक कमलनाथ छिंदवाड़ा का दौरा बीच में छोड़कर दिल्ली आ रहे हैं। वह करीब 3.15 पर दिल्ली पहुंचेंगे। उधर नकुलनाथ के एक्स हैंडल से कांग्रेस का नाम हटाए जाने से आग में घी डालने का



काम किया गया है। इससे पहले कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कमलनाथ के बीजेपी में शामिल होने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा था कि कमलनाथ छिंदवाड़ा में हैं... मेरी कल रात उनसे बात हुई है वे छिंदवाड़ा में हैं। जिस व्यक्ति ने अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत नेहरू-गांधी परिवार के साथ की थी, वे उस समय उनके साथ खड़े थे जब पूरी जनता पार्टी और केंद्र की सरकार इंदिरा गांधी को जेल भेज रही थी। आप उनसे उम्मीद भी कैसे कर सकते हैं कि वे सोनिया गांधी के परिवार को छोड़कर जाएंगे। बता दें, इस हफ्ते की शुरुआत में ही कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए मध्य प्रदेश में कई नेताओं ने पाला बदल लिया था। पूर्व विधायक दिनेश अहिरवार और विदिशा से कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश कटारे 12 फरवरी को बीजेपी में शामिल हो गए थे।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कल कहा था कि पार्टी के दरवाजे उन सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के लिए खुले हैं जो पार्टी की तरफ से अयोध्या के राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण को अस्वीकार करने से नाराज हैं। कमलनाथ के बीजेपी में शामिल होने की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर वीडी शर्मा ने कहा, तो आज मैं आपको माहौल बता रहा हूं, हमने अपने दरवाजे खुले रखे हैं क्योंकि कांग्रेस में ऐसे लोग हैं जिन्हें लगता है कि कांग्रेस भगवान राम का बहिष्कार करती है, भारत के दिल में राम है। जब कांग्रेस उनका अपमान करती है तो ऐसे लोग भी हैं जिन्हें इससे दुख होता है, जो परेशान होते हैं और उन्हें मौका मिलना चाहिए.

# भाजपा नेताओं के घरों के बाहर भी धरना देंगे किसान

**नई दिल्ली,17 फरवरी।** दिल्ली-एनसीआर की सीमाओं के पास जारी किसानों का प्रदर्शन जोर पकड़ता जा रहा है। आज किसानों के विरोध प्रदर्शन का 5वां दिन है। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) शनिवार को पंजाब में भाजपा के 3 सीनियर नेताओं के घरों के बाहर धरना देगी। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह, बीजेपी की पंजाब यूनिट के चीफ सुनील जाखड़ और सीनियर नेता केवल सिंह ढिल्लों के आवासों के बाहर धरना होगा। इसके अलावा, यूनियन किसानों के दिल्ली चलो आह्वान को समर्थन देते हुए टोल प्लाजा पर भी विरोध प्रदर्शन करेगी। प्रदर्शनकारी किसानों की ओर से स्र्स्क्रके लिए कानूनी गारंटी समेत अपनी विभिन्न मांगों को रखा गया है।

सरकार पर दबाव बनाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा के भारत बंद आह्वान पर शुक्रवार को पंजाब में सड़कों से बसें नदारद रहीं, जिसके चलते यात्रियों को काफी असुविधा हुई। राज्य में कई स्थानों पर बाजार और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान भी बंद रहे। किसानों ने कई स्थानों पर प्रदर्शन किया और पठानकोट, तरनतारन, बठिंडा और जालंधर में राष्ट्रीय राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया। उन्होंने उनकी मांगें नहीं मानने के लिए केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हरियाणा के हिसार में, हरियाणा रोडवेज के कर्मचारियों ने भारत बंद का समर्थन किया, जिसके चलते बस सेवाएं ठप रहीं। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के सदस्यों ने हरियाणा के कई टोल प्लाजा पर धरना दिया और अधिकारियों पर यात्रियों से टोल टैक्स न वसूलने के लिए दबाव डाला।

भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने कहा, %हम स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू करने, ऋण माफी आदि मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली कूच की योजना को लेकर पूछे गए सवाल पर टिकैत ने कहा कि शनिवार को सिसौली (मुजफ्फरनगर) में बैठक की जाएगी, जहां भविष्य की रणनीति की योजना बनाई जाएगी। स्र्स्क्र के लिए कानूनी गारंटी के अलावा, किसान कृषकों के कल्याण के लिए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों व खेत मजदूरों के लिए पेंशन और कर्ज माफी, लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को बहाल करने और पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा देने की भी मांग कर रहे हैं।

# निरीक्षण के दौरान नदारद मिलीं प्रधान पाठिका और 6 शिक्षक

**दुर्ग,17 फरवरी।** जिले में संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने बड़ी कार्रवाई की है. संभाग कमिश्नर राठौर ने औचक निरीक्षण के दौरान नदारद मिले प्रधान पाठिका और शिक्षकों को सस्पेंड कर दिया है. यह कार्रवाई दुर्ग के महात्मा गांधी शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रधान पाठिका शायना परवीन और 6 महिला शिक्षकों पर की गई. शहर के सर्राफा व्यापारी महावीर जैन की शिकायत पर संभाग कमिश्नर निरीक्षण करने पहुंचे थे. साथ ही दुर्ग के जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल और ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर गोविंद साव को शो कॉस नोटिस थमाया गया है. इसमें पूछा गया है कि अब तक इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई. संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने बताया कि दुर्ग निवासी महावीर जैन ने उनके पास लिखित शिकायत की थी कि महात्मा गांधी शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में वहां की प्रधान पाठिका और शिक्षकों की ओर से बड़ी लापरवाही बरती जा रही है. वहां स्कूल में दर्ज छात्रों की संख्या के अनुपात में काफी अधिक शिक्षक है. इसका फायदा उठाकर प्रधान पाठिका शायना परवीन खान और कई शिक्षक बहुत-बहुत दिनों तक स्कूल नहीं आते हैं. साथ ही दोनों अधिकार और ऑफिसर पर 20-20 हजार रुपये लेकर प्रधान पाठिका और शिक्षकों पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया था. इसके बाद कमिश्नर और डिप्टी कमिश्नर दुर्ग संभाग, संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग को मिलाकर एक ज्वाइंट टीम गठित की गई. दोनों अधिकारियों की टीम ने महात्मा गांधी शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया. बता दें कि जांच टीम ने निरीक्षण के दौरान पाया कि स्कूल में पदस्थ 11 शिक्षकों में से 6 अनुपस्थित हैं. इसकी वजह से स्कूल में छात्र भी पढ़ने नहीं आ रहे हैं. स्कूल में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या 94 है, लेकिन वहां मात्र 62 विद्यार्थी ही उपस्थित पाए गए. 32 विद्यार्थी स्कूल नहीं आए थे.

# जखीरा फ्लाईओवर पर मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतरे

**नई दिल्ली,17 फरवरी।** दिल्ली में एक बड़ा रेल हादसा हो गया है। पटेल नगर-दयाबस्ती सेक्शन पर एक मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसा जखीरा फ्लाईओवर के पास हुआ। रेलवे, फायर ब्रिगेड आदि की टीम मौके पर पहुंच गई है। मालगाड़ी में लोहे की शीट के रोल लोड किए गए थे। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। फिलहाल यह जानकारी नहीं मिली है की हादसे में कितने लोग हताहत हुए हैं। मालगाड़ी शनिवार को सुबह 11.52 बजे जखीरा फ्लाईओवर के पास पटरी से उतर गई। ट्रेन का नाम बीएचपीएल सीडीजी लोड है। उत्तर रेलवे का कहना है कि दिल्ली क्षेत्र में पटेल नगर-दयाबस्ती सेक्शन पर एक मालगाड़ी के दस डिब्बे पटरी से उतर गए। घटना शहर के जखीरा फ्लाईओवर के पास हुई। डीसीपी रेलवे केपीएस मल्होत्रा का ने कहा, ट्रैक पर किसी व्यक्ति के हताहत होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। बचाव अभियान जारी है। घटना का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें दिख रहा है कि मालगाड़ी के डिब्बे अचानक एक-एक करके पलट जाते हैं। इससे मौके पर मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच जाती है। कुछ लोग भागो-भागो कहते हुए भी सुनाई देते हैं। इसके बाद आसमान में धुएं का गुबार देखा जाता है। यह वीडियो सामाचार एजेंसी पीटीआई ने जारी किया है।



रेलवे अधिकारियों ने बताया, शनिवार सुबह दिल्ली के सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन के पास एक मालगाड़ी के दस डिब्बे पटरी से उतर गए। ट्रैक पर किसी व्यक्ति के हताहत होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। घटना उस वक्त हुई जब ट्रेन जखीरा फ्लाईओवर के नीचे से गुजर रही थी। रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।अधिकारी ने कहा, मालगाड़ी में लोहे की शीट के रोल लोड किए गए थे।

# ड्रग्स कारोबार का भंडाफोड़

## 6 आरोपियों से 14 लाख की नशीली सामग्री जब्त



**रायगढ़,17 फरवरी.** जिला में पुलिस ने फलफूल रहे नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने रेड में प्रतिबंधित दवाओं का बरामद किया है। वहीं प्रतिबंधित कैप्सूल, नशीली इंजेक्शन और सिरप बेचने वाले स्थानीय डीलर, उड़ीसा राज्य के मेडिकल स्टोर के संचालक सहित नशे की सामग्री खरीदी-बिक्री करने वाले 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 14.75 लाख की नशीली दवाएं और 1 लाख 20 हजार रुपये का 6 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया है। नडीपीएस एक्ट के तहत यह कार्रवाई की गई। कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने 3 आरोपी गिरफ्तार किये हैं। आरोपियों के पास से , नशीली दवा एस.पी. ट्रेमाडोल - 416 नग , नशीली दवा ब्युट्रम एम्पुलि-435 नग जब्त किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 27 हजार 650 रूपय है।

# कांग्रेस नेताओं के भाजपा में शामिल होने से परेशान खड़गे ने मोदी से की बात

**नई दिल्ली,17 फरवरी।** कांग्रेस के बड़े नेताओं का ठीक लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल होना पार्टी के आलाकमान के लिए चिंता का विषय बन गया है. स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि खुद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस मसले पर प्रधानमंत्री मोदी से चर्चा की, लेकिन उन्हें मोदी ने टका सा जवाब दे दिया. इस बात का खुलासा खुद खड़गे ने लोनावला में कांग्रेस पदाधिकारियों के लिए दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते हुए किया. खड़गे का यह बयान ऐसे समय में आया है,



जब महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण कांग्रेस से सालों का नाता तोड़कर भाजपा में शामिल हो गए हैं. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया कि संसद में एक बैठक के दौरान उन्होंने सीधे प्रधानमंत्री मोदी से भाजपा में शामिल होने वाले मंत्रियों और पूर्व मुख्यमंत्रियों की बढ़ती संख्या के बारे में पूछा. खड़गे ने विपक्ष के नेताओं को अपने पाले में लेने की सत्तारूढ़ पार्टी की भूख पर सवाल उठाया. खड़गे ने कहा, 'उन्होंने (प्रधानमंत्री) कहा कि अगर लोग भाजपा में शामिल होना चाहते हैं तो वह क्या कर सकते हैं. मैंने उनसे कहा कि वे (भाजपा) लोगों को डराकर यह काम (अवैध शिकार) कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि ये लोग अपने (सरकार के) काम के कारण शामिल होना चाहते हैं. खड़गे ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं ने कुछ लोगों को बड़ा नेता बना दिया, जो फिर भाग खड़े हो गए, जो कि कायरतापूर्ण कृत्य के अलावा और कुछ नहीं है. लेकिन हमें डरने की ज़रूरत नहीं है. अगर हम डरे हुए हैं, तो हम खत्म हो जाएंगे, लेकिन अगर हम लड़ेंगे, तो हम जिंदा रहेंगे और एक दिन जीत हमारी होगी. मुझे यकीन है कि आप सभी इसके लिए तैयार हैं.बता दें कि महाराष्ट्र में कांग्रेस के बड़े नेता पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए. भाजपा ने उन्हें राज्यसभा के लिए नामित किया. अशोक चव्हाण से पहले बाबा सिद्दीकी और मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस छोड़ी थी. बाबा सिद्दीकी, जहां महाराष्ट्र में भाजपा की सहयोगी दल अजीत पवार की राकांपा में तो मिलिंद देवड़ा दूसरी ओर एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो गए.

# इसरो ने एक बार फिर अशुभ माने जाने वाले 13 के अंक से किया किनारा

**चेन्नई ,17 फरवरी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बार फिर अपने जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी) रॉकेट को नंबर देते समय '13' नंबर को छोड़ दिया है जिसे आमतौर पर अशुभ माना जाता है। राकेट शनिवार शाम को मौसम उपग्रह इन्सैट-3डीएस के साथ उड़ान भरने के लिए तैयार है। जीएसएलवी रॉकेट की आखिरी उड़ान 29 मई, 2023 को थी और रॉकेट का कोडनेम 'जीएसएलवी-एफ12' रखा गया था। तार्किक रूप से, अगले जीएसएलवी रॉकेट का क्रमांकन 'जीएसएलवी-एफ13' होना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

शनिवार शाम 2,274 किलोग्राम वजनी इनसैट-3डीएस लेकर उड़ान भरने वाले जीएसएलवी रॉकेट को 'जीएसएलवी-एफ14' कोडनेम दिया गया है।

दिलचस्प बात यह है कि इसी नंबरिंग योजना का पालन इसरो ने अपने अन्य रॉकेट पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी) के मामले में भी किया था।

रॉकेट पीएसएलवी-सी12 को भेजने के बाद, इसरो ने अपने अगले पीएसएलवी रॉकेट के लिए एक नंबर आगे बढ़ते हुए इसे 'पीएसएलवी-सी14' नाम दिया, जिसने ओशनसैट -2 और छह यूरोपीय नैनो उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया।इसरो के अधिकारी अपने लॉन्च रोस्टर से पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल-सी13 (पीएसएलवी-सी13) नाम के रॉकेट की अनुपस्थिति को स्पष्ट करने में असमर्थ हैं।

एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया था, इस नंबर के साथ ऐसा कोई रॉकेट नामित नहीं है। उन्होंने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि क्या अंतरिक्ष एजेंसी 13 नंबर को अशुभ मानती है। मजे की बात यह है कि अपोलो-13 के चंद्रमा पर उतरने में विफलता के बाद अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने उस नंबर पर किसी अन्य मिशन का नाम नहीं रखा है। हाल ही में, दो अंतरिक्ष एजेंसियों भारत के इसरो और अमेरिका के नासा के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से बनाए जा रहे पृथ्वी विज्ञान उपग्रह नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार (एनआईएसएआर) के विदाई समारोह में अपनी-अपनी परंपराओं का पालन किया। दक्षिणी कैलिफोर्निया में जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) के बाहर और एनआईएसएआर उपग्रह के स्केल मॉडल के सामने, नासा के एनआईएसएआर परियोजना प्रबंधक फिल बरेला और इसरो के एनआईएसएआर के परियोजना निदेशक सीवी श्रीकांत ने औपचारिक रूप से नारियल फोड़े। किसी महत्वपूर्ण कार्यक्रम से पहले नारियल फोड़ना भारत में किसी कार्य के सुचारू रूप से पूरा होने का मार्ग प्रशस्त करने की एक शुभ परंपरा है।अपनी ओर से, जेपीएल के निदेशक लॉरी लेशिन ने अपने संगठन की परंपरा के अनुसार इसरो प्रतिनिधिमंडल को भाग्यशाली मूंगफली का एक जार भेंट किया,

## शतरंज: भारतीय युवा खिलाड़ियों ने विश्व में दबदबा कायम किया

jasclaudius@gmail.com

# भारत के रग-रग में बसा है शह-मात का खेल

जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भारत के प्राचीन खेलों में शतरंज का नाम शामिल है। ऐसा माना जाता है कि आज से करीब 3000 वर्ष पूर्व शतरंज के खेल की शुरुवात भारत में हुई जबकि इसे चतुरंग के नाम से जाना जाता था। बोर्ड में खेले जाने वाला भारत का प्राचीन खेल चतुरंग उस समय वृहत्तर भारत में बहुत ही लोकप्रिय खेल था। कुछ शोधकर्ता ऐसा दावा करते हैं कि विश्व की 5000 वर्ष प्राचीन सिंधु घाटी सभ्यता से इस खेल का जुड़ाव रहा है। इस तरह शतरंज के खेल के उत्पत्ति और चलन की जानकारी प्रचलित रही है। वास्तव में चतुरंग/शतरंज के बारे में स्पष्ट जानकारी उत्तर भारत में गुप्त साम्राज्य काल के उपलब्ध सहित्य 'ब्रह्मभट्ट हर्ष चरिता' (625 ई.) में चतुरंगा का उल्लेख हुआ है। स्टेवर्ट कुलीन के अनुसार हिंदू धर्मशास्त्र भविष्य पुरान में सबसे पहले चतुरंग के बारे में जानकारी मिलती है। इस तरह शतरंज की जड़े भारत की आत्मा में निवास करती है और यहां के निवासी इसलिए शतरंज के प्रति लगाव रखते हैं। इसका प्रमाण है कि हमारे देश के शतरंज खिलाड़ियों ने दुनिया में धाक जमा रखी है। मेनुएल आरोन को सफल शतरंज खिलाड़ी होने के कारण 1961 में सबसे पहले अर्जुन पुरस्कार दिया गया। इसके 19 वर्षों बाद खाडिलकर को 1980-81 में फिर 1983 में दिव्यांदु बरुआ को तथा 1984 में प्रवीण थिप्से अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 1985 में महान शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथ आनंद को यह सम्मान दिया गया। फिर देवकी प्रसाद, भाग्यश्री थिप्से, अनुपमा गोखले को अर्जुन पुरस्कार मिले। जैसे कि हर खेल में कुछ ना कुछ अंतराल होता है वैसे ही 10 वर्ष पश्चात विजयलक्ष्मी सुब्रमन, 2002 में कृष्ण शशिकिरण, 2003 में कोनेरु हंपी, 2005 में सूर्या शेखर, 2006 पी. हरिकृष्णा, 2008 डी.हरिका, 2009 में तान्या सचदेव, 2010 में परिमरंजन नेगी को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 2013 में अभिजीत गुप्ता, 2022 में आर प्रग्गानंदा तथा भक्ति कुलकर्णी को एक साथ दिया गया। शतरंज की उपरोक्त उपलब्धि हमारे देश की आने वाली पीढ़ी को ऊर्जा प्रदान करती है। इसका प्रमाण है कि आज भारत के वरिष्ठ और युवा खिलाड़ी शतरंज की रेकिंग में विश्व स्तर पर स्थापित हैं। जूनियर वर्ग में फरवरी 2024 के लिए जारी विश्व वरीयता सूची में प्रथम दस स्थानों में भारत के पांच प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपनी जगह बनाई है। इनमें 2747 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर प्रग्गानंदा, तीसरे स्थान पर डी गुकेश (2743), छठवीं जगह पर 2693 अंकों के साथ निहाल सरीन, 2654 अंक लेकर सातवे स्थान पर रौनक साधवानी तथा लियोन ल्यूक 2631 अंक लेकर दसवें स्थान पर बनेहुए हैं। दूसरी तरफ भारत की दो बालिकाएं क्रमशः दिव्या देशमुख 2427 दूसरे तथा सरयू वैलपुला 2444 पहले स्थान पर हैं। इस प्रकार स्पष्ट है कि शतरंज जो कि गैर ओलंपिक खेल है उसमें हमारे खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। इस खेल में एकाग्रता, त्वरित निर्णय, दूरदृष्टि का विशेष महत्व है। भारत के शतरंज के युवा खिलाड़ी अपनी बौद्धिक क्षमता और खेल के प्रति समर्पण के द्वारा भारत का नाम रौशन कर रहे हैं साथ ही नये कीर्तिमान भी स्थापित कर रहे हैं। 18 वर्षीय आर प्रग्गानंदा ने 2747 अंक प्राप्त करके भारत के विश्वनाथन आनंद से भारत के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी होने के गौरव प्राप्त कर लिया। आनंद 1987 से 2023 जनवरी तक लगातार हमारे देश के प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ी बने रहे। इस खेल में अपनी संतानों को प्रोत्साहित करने और आगे बढ़ने का हौसला देने का काम उनके अभिभावक करते हैं अतः ऐसे अभिभावकों को कभी भूला नहीं जा सकता। सचमुच वे बधाई के पात्र हैं।

# तस्करी कर ले जा रहे 83 मवेशी ट्रक सहित जब्त, 6 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,17 फरवरी।** पुलिस द्वारा थाना आमानाका क्षेत्रांतर्गत खारून नदी पूल के पास पशु तस्करों को कृषक पशुओं की तस्करी करते रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त ट्रक वाहन एवं चारपहिया वाहन क्रेटा को जप्त किया गया है। ट्रक वाहन में परिवहन किये जा रहे



83 पशुओं में से 11 पशु मृत एवं 72 जीवित पाई गई जिन्हें जरवाय, कबीरनगर के गौशाला में सुरक्षार्थ रखा गया है । तस्करी किये जा रहे 11 मृत पशुओं का पोस्टमार्टम कराकर दफनाया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना आमानाका में अपराध क्रमांक 83/2024 धारा 283, 420, 467, 468, 471 भा.द.वि. एवं पशु परिवाहन नियम की धारा 47 (ए), 54(1), 54(2), 54(3) तथा पशुओं के प्रति क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 के धारा 11 तथा छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिक्षण अधिनियम 2004 कि धारा 4, 6, 7, 9, 10, 11 का अपराध पंजीबद्ध किया गया है!

### राजधानी में जीएसटी का छापा

रायपुर,17 फरवरी। सीजी जीएसटी ने आज कई व्यापारिक फर्मों पर छापा मारा है। जीएसटी ने इन फर्मों से टैक्स चोरी के मामले में लाखों रुपये वसूल किया है। सामानों की भी जब्ती बनाये जाने की खबर है।

**एक नजर**

## अधिकारी व कर्मचारी पाली-कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित



**भिलाई, 17 फरवरी।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र में विद्युत जोन से उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शित करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मुख्य महाप्रबंधक टी के कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अति उत्तम कार्य प्रदर्शन के लिए जुलाई से सितम्बर तिमाही के लिए उप प्रबंधक जितेन्द्र कुमार साहू एवं अक्टूबर से दिसंबर तिमाही के लिए सहायक महाप्रबंधक राज कुमार नैय्यर विभाग पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कर्म शिरोमणि पुरस्कार माह सितम्बर 2023 के लिए राम कृष्ण शास्त्री, चीफ मास्टर ऑपरेटर सह तकनीशियन, माह अक्टूबर 2023 के लिए राजेश्वरी नरेटी, अटेंडेंट सह तकनीशियन तथा नवंबर 2023 के लिए जीवन लाल पैकरा को प्रदान किया गया।

## नवीन दायित्व के लिए बिचपुरिया को दी गयी बधाई



**भिलाई, 17 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ब्रजेश बिचपुरिया के निवास कार्यालय में आनंदेश्वर महादेव हनुमान मंदिर विवेकानंद नगर कोहका के आयोजन समिति के सदस्य 19, 20, 21 फरवरी को होने वाले आनंदेश्वर महादेव हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए उनको अतिथि के रूप में आमंत्रण देने पहुंचे साथ ही साथ उनके नवीन दायित्व के लिए भी समिति के सभी लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की और तीनों दिन कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपना समय देने का आग्रह किया। आयोजन समिति के प्रमुख एवं वरिष्ठ सदस्य गण सुभाष गुप्ता, संजय सिंह, लक्ष्मी नारायण मदन राव, सुरेन्द्र साहू, धर्मेंद्र राजपूत, अनिमेष जाना, नारायण स्वामी, महिला शक्ति अर्चना गुप्ता, विनीता राजपूत, बिंदु साहू, तुलसी राव, मीनाक्षी साहू, काकाली जाना, मनीषा राव, नीतू नेमा एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सेलूद में हुआ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम



**पाटन।** पाटन ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सेलुद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत पाटन परियोजना एवं जामगांव एम परियोजना द्वारा समूह विवाह कार्यक्रम का आयोजन हुआ आपको बता दे की यह कार्यक्रम ग्राम सेलुद खेल मैदान में हुआ जहां पंडित जी द्वारा एक साथ मंत्र पड़ कर सात फेरे व सात वचन दिला कर 78 जोड़ा को हिंदू रीति रिवाज से परिणय सूत्र में बंधे इसके साथ ही शासन की ओर से 21 हजार रुपए का चेक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद विजय बघेल,अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर, विशेष अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, लोकमणी चंद्राकर, लालेश्वर साहू, खेमिन साहू ग्राम पंचायत सेलुद, जनपद सदस्य रवि सिन्हा, रेवती सोनकर जनपद, जनपद मीरा बाई सिन्हा, जनपद त्रिवेणी बंजारे, चंद्रिका साहू, मेहत्तर वर्मा निक्की भाले के हाथों विवाह में शामिल हुई सभी कन्याओं को चेक प्रदान किए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि एवम परियोजना अधिकारी सुमित गंटेचा,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वायर रॉड मिल ने उत्पादन का बनाया नया रिकॉर्ड

**भिलाई, 17 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की वायर रॉड मिल ने 15 फरवरी 2024 को टीएमटी 10 और 8 एमएम प्रोफाइल में दैनिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाने में कामयाबी हासिल की। मिल ने 1,663 टन उत्पादन कर, 19 नवंबर 2023 को दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1,654 टन को पार किया।

# केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 17 फरवरी।** भाजपा उतई मंडल के ग्राम पंचायत मचांदुर में केंद्र की मोदी सरकार व राज्य की विष्णु देव साय सरकार के अनेक विकास योजनाओं को भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,मंडल महामंत्री सोनू राजपूत,भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण कुमार यदु,हुबलाल चंद्राकर,करन सेन,फलेंद्र सिंह राजपूत,नवाब खान,ललित देवांगन, तोरण साहू,योगेश पटेल,भूपेंद्र साहू,रूपेश पारख,रोशन साहू,जसलोक साहू,दयालूराम यादव,कृतलाल साहू,गोवर्धन साहू, सहित नेता व कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम पंचायत मचांदुर के अनेक वार्डो में घर घर जा कर केंद्र की मोदी सरकार व राज्य सरकार के अनेक महत्वाकांक्षी योजना की जानकारी दी गई जिसका सीधे लाभ आम जनता को मिल रहा है जिसमे केंद्र की मोदी सरकार के विभिन्न योजना शामिल है।प्रधानमंत्री आवास योजना,दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना,पीएम स्वनिधि योजना,पीएम सुरक्षा योजना,पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना,अटल पेंशन योजना,पीएम जन धन योजना,पीएम जन आरोग्य योजना ,प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ,पीएम मुद्रा योजना ,सुकन्या समृद्धि योजना,प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ,आत्म निर्भर भारत श्री राम जन्मभूमि पर भव्य और नव्य मंदिर का निर्माण ज्ञानवापी मंदिर में पूजा प्रारंभ भव्य काशी कॉरिडोर मधुरा कॉरिडोर महाकाल कॉरिडोर ,तथा राज्य की साय सरकार द्वारा आम जनता गरीब किसान को भाजपा की सरकार बनते ही धान पर दो साल का बकाया बोनस का एकमुश्त भुगतान ,प्रति एकड़ 21 किवंटल धान खरीदी 3100 रुपये में महतारी वंदन योजना से 80 लाख से अधिक महिलाओं को 12 हजार रुपये सलाना देने का निर्णय तेंदूपत्ता 5500 रुपये प्रति मानक बोरा खरीदी का निर्णय छत्तीसगढ़ के 18 लाख गरीब परिवार को मिलेगा पक्का छत आवास योजना का फायदा ,रामलला दर्शन योजना से छत्तीसगढ़ वाशियो को अयोध्या रामलला दर्शन मुक्त कराया जाएगा आदि अनेक योजना और जनहित में भारत के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार द्वारा महत्वपूर्ण फैसला जनहित में लिया गया जिसका सीधे लाभ आम आदमी को मिला रहा है जिसकी जानकारी सभी जनप्रतिनिधियों व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गांव चलो अभियान के तहत किया गया।

### कवि सम्मेलन संपन्न

**उतई, 17 फरवरी।** जागृति साहित्य समिति उतई के तत्वाधान में 15 फरवरी शाम 5 बजे बसंत पंचमी एवम् 24 स्थापना दिवस के पावन पर्व पर गांधी चौक उतई में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया था कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया जिसमें सर्व श्री ईश्वर सोनी ने गीत गजल गाकर समा बांधा विष्णुराम कुर्रे ने गीत सुनाकर दर्शकों का मन मुग्ध किया । रघुनाथ देशमुख राम कथा पर गीत गाकर तालिया बटोरी ,नंदलाल यादव ने अपने गीतों से श्रोताओं को गुदगुदाते रहे एवम् प्रदीप कुमार पाण्डे ने वीर रस की कविता सुनाई ,श्रीमती सीमा साहू ने रामायण पर आधारित गीतों से श्रोताओं का मन मुग्ध किया ,श्रीमती अर्चना श्रेया ने अपने गीतों के माध्यम से श्रोताओं से तालिया बटोरी।कार्यक्रम का संचालन डॉ रमाशंकर सोनी ने किया।


# संयुक्त कलेक्टर पीसी कोरी को स्मृति चिन्ह भेंटकर दी गई विदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,17 फरवरी।** संयुक्त कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रकाशचंद कोरी को उनके नवीन पदस्थापना कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा संसदीय कार्य धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व पर्यटन एवं संस्कृति विभाग में विशेष सहायक के पद पर स्थानांतरण होने पर विदाई दी गई। कलेक्टर जनमेजय महोबे, जिला पंचायत सीईओ और अपर कलेक्टर श्री इंद्रजीत बर्मन ने पीसी कोरी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। एसडीएम कोरी 5 जनवरी 2022 को कबीरधाम जिले में अपना पदभार ग्रहण किए थे। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संयुक्त कलेक्टर पी सी कोरी अत्यंत सूझबूझ, सभी विषयों की गहरी समझ रखने वाले संवेदनशील अधिकारी है। उन्होंने निर्वाचन, नजूल, प्रोटोकॉल सहित सौपें गए सभी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बखुबी से निभाया। कलेक्टर ने सौपे गए सभी दायित्वों को समय-सीमा में काम कर जिले को अग्रिम पंक्ति में स्थान दिलाने के लिए प्रशंसा करते हुए आगामी कार्यक्षेत्र के लिए शुभकामनाएं ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर इंद्रजीत बर्मन, एसडीएम अनुपम टोप्पो, डिप्टी कलेक्टर रितुराज सिंह बिसेन, लेखा अलगल्ले, सुश्री आकांक्षा नायक ने भी संयुक्त कलेक्टर पी सी कोरी के संदर्भ में अपना-अपना विचार रखा। संयुक्त कलेक्टर पीसी कोरी द्वारा जिले में अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए कबीरधाम में सभी प्रमुख अधिकारियों के बीच गहरे तालमेल के वातावरण की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि जिले में निर्वाचन के दौरान जो टास्क मिला था, उसे सभी अधिकारी-कर्मचारियों के सहयोग से शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न हुआ। निर्विघ्न रूप से कार्य क्षेत्र में उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने का अवसर मिला। उन्होंने जिले के प्रमुख शीर्ष अधिकारियों के साथ बिताए गए समय को भी याद किया। उन्होने ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि सौंपे गए कार्यो, राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कबीरधाम जिला प्रशानिक अधिकारियों की पूरी टीम को बधाई दी और बेहतर बताया।

# डिप्टी सीएम के निर्देशों पर त्वरित अमल



## आवास निर्माण के लिए 11.98 करोड़ रूपए की मंजूरी मिली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,17 फरवरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने शुरू की गई प्रधानमंत्री जनमन योजना का छत्तीसगढ़ में तेजी से क्रियान्वयन हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रदेश के कबीरधाम जिले में इस योजना में बैगा परिवारों के लिए 3554 आवासों की स्वीकृति दी गई है, इनमें 2996 पक्के आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त के रूप में 11 करोड़ 98 लाख रूपए जारी की गई है।। कबीरधाम जिले के विकासखण्ड बोड़ला में 179 और पंडरिया के 77 गांवों में बैगा परिवारों की बाहुलता है। इन परिवारों के लिए बोड़ला विकासखण्ड में 2081 और पंडरिया विकासखण्ड में 1474 आवासों की स्वीकृति दी गई है। बैगा परिवारों को प्रथम चरण में 2996 आवासों आवास निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में 40-40 हजार रूपए की राशि जारी की गई है। इसके अलावा योजना में इन गांवों में बुनियादी सुविधाएं बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी।गौरतलब है कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बैगा परिवारों को आवास निर्माण के लिए 2 लाख रूपए की राशि 4 किस्तों में दी जाएगी। पहली किस्त आवास शुरू करने के लिए 40 हजार रूपए, दूसरी किस्त कुर्सी स्तर पर होने पर 60 हजार रूपए, तीसरी किस्त आवास की ढलाई पर 80 हजार रूपए और आवास पूरा होने पर 20 हजार रूपए दी जाएगी। इसके अलावा महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत 95 दिनों का मजदूरी का भुगतान किया जाएगा।



## मातृ-पितृ पूजन दिवस श्याम नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**भिलाई, 17 फरवरी।** संत आसाराम बापू द्वारा प्रेरित मातृ-पितृ पूजन दिवस 14 फरवरी को श्याम नगर कैंप 2 वार्ड 36 में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वार्ड पार्षद विनोद चेलक ने इस कार्यक्रम के दौरान कहा कि माता-पिता की सेवा से बढ़कर कुछ भी नहीं है इसलिए हम सभी को प्रतिदिन अपने माता-पिता का चरण छूकर आशीर्वाद लेना और उन्हें प्रणाम करना चाहिए उन्हें खुश रखेंगे तो जीवन सफल होगा। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम व भंडारा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवी भागवत हरि ओम, पारस साहू, पारस (चिंटू), श्रीमती रमला बाई, श्रीमती पूजा चंद्राकर और अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# अंतर्राज्यीय तस्कर भारी मात्रा में गांजा परिवहन करते गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



कवर्धा, 17 फरवरी। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगॉव रेंज राजनॉदगॉव दीपक झा के निर्देशन एवं कबीरधाम पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव के मार्गदर्शन तथा अति. पुलिस अधीक्षक श्री हरिश राठौर व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री सतीष धुर्वे के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी चिल्पी निरीक्षक उनेश देशमुख के कुशल नेतृत्व में वरिष्ठ अधिकारीगणों के आदेशानुसार बार्डर पर अवैध गॉजा तस्करों एवं अन्य अपराधिक गतिविधीयों पर लगातार प्रभावी कार्यवाही करने निर्देषित किया गया था। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी के कुशल नेतृत्व में थाना चिल्पी टीम द्वारा आबकारी चेकपोस्ट के पास संदिग्ध वाहनों का निरंतर चेकिंग किया जा रहा है कि आज दिनांक 15.02.2024 को वाहन चेकिंग के दौरान बोड़ला की ओर से एक सफेद रंग का टाटा ट्रक 1109 क्रमॉक ।च.31.ज्क.3618 को रोका गया उक्त वाहन में बैठे व्यक्तियों की गतिविधी संदिग्ध प्रतीत हो रही थी एवं पूछताछ करने पर घबराने लगे की उक्त टाटा ट्रक 1109 क्रमॉक की तलासी ली गयी तलासी के दौरान वाहन के उपर भाग में अरहर दाल के छिलका को बोरी में भरकर पैक कर उपर से ढक दिया गया था एवं उसके अंदर में भारी मात्रा में खाखी रंग के टेप से लिपटा हुआ मादक पदार्थ गॉजा जैसा 41 बोरी बरामद हुआ उक्त बरामदशुदा 41 बोरी गॉजा को तौल कराया गया जिसका वजन 10 क्विंटल 32.700 किलोग्राम कीमती 20654000 होना पाया गया एवं आरोपी के कब्जे से 01 नग मोबाईल कीमती 5000 रू. एवं एक सफेद रंग का टाटा ट्रक 1109 क्रमॉक ।च.31.ज्क.3618 कीमती करीबन 800000 रू. कुल जुमला कीमती 2,1459000 रू. को जप्त किया गया है । प्रकरण में आरोपी 1. अनिल चौधरी पिता बीरबल चौधरी उम्र 29 साल पता जाट मड़ौली थाना सेवर जिला भरतपुर राजस्थान 2. अतेन्द्र जाट पिता पूरनसिंह जाट उम्र 45 साल पता मड़ौली थाना सेवर जिला भरतपुर राजस्थान के विरूद्ध अपराध क्र. 12/2024 धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त प्रकरण में थाना प्रभारी थाना चिल्पी के निरीक्षक उनेश देशमुख, सउनि डोमार सिंह कॅवर प्र.आर. 16 गोकुल सोनकर, आर. 472 सुनील मेरावी, आर. 552 संतोष साहू, आर. 553 पंकज यादव, 753 रिंकू वैष्णव आर. 706 चंद्रकॉत वर्मा, आर. 884 हरजेन्द्र रात्रे आर. 225 अजय चंद्रवंशी आर. 500 सुभाष सोनकर, आर. 974 सुशांत पटेल, आर. 638 मोहित काठले आर. 951 नितेश प्रेमी एवं डीआरजी बल सउनि दिलीप सोनकर आर. 196,460,705,243,370,699,706,778,930 का सरायनीय योगदान रहा है।

### 6 किलो गांजा जब्त

**भिलाई।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र एक महिला घर में गांजा की विक्री करते पकड़ी गई तलाशी लेने पर उसके घर की सीट में बने गुप्त स्थान से 6 किलो ग्राम गांजा जब्त किया पुलिस की पूछताछ में कैंप वृंदानगर निवासी आरोपी बिरो बाई ने खुलासा किया कि रायपुर से गांजा को खरीदती है यहां पर उसे खपा रही थी वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा ने बताया महित्य के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्वाई की जा रही है

# कौन बनेगा हजारपति प्रतियोगिता में रागिनी ने मारी बाजी



**पाटन,17 फरवरी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय तेलीगुंडरा में कौन बनेगा हजार पति का आयोजन हुआ। के.बी.एच.कार्यक्रम के संयोजक शिक्षक के.के.साहू ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ के द्वारा शनिवार को प्रत्येक विद्यालयों में बैग लेस डे रहता है। इस दिन बच्चों के सह-संज्ञानात्मक ज्ञान को प्रोत्साहन व राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा हेतु सामान्य ज्ञान के लिए अनुकूल वातावरण के निर्माण हेतु के.बी.एच.प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।शनिवार को विद्यार्थियों का ओ.एम.आर.शीट से परीक्षा लिया गया। उसके पश्चात प्राप्तांकों के आधार पर चयनित विद्यार्थियों को हॉट सीट पर बैठने का मौका मिला।इस प्रतियोगिता में सभी चयनित विद्यार्थियों को पछाड़कर प्रथम स्थान सुनिश्चित करने पर रागिनी पटेल कक्षा-आठवीं को स्वर्गीय देवचरण साहू के सुपौत्र के.के.साहू प्रकृति इको क्लब के प्रभारी शिक्षक द्वारा एक हजार का नगद राशि दिनेश साहू जी सभापति जनपद पंचायत पाटन व मनीष पटेल जी सरपंच के करकमलों से प्रदान किया गया। नोलेश्वरी साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति माध्यमिक विभाग,राजा राम साहू अध्यक्ष प्राथमिक विभाग व प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक हेमंत कुर्रे के करकमलों से द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले जागृत साहू व रीतिका साहू एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली दमयंती धीवर को पुरष्कृत किया गया। द्वितीय पुरस्कार कृष्णा साहू व तृतीय पुरस्कार जे.के.वर्मा शिक्षक के सौजन्य से दिया गया व इस प्रतियोगिता में स्टाफ के एल.आर.वर्मा व उर्वशी देशमुख मैंम का विशेष सहयोग रहा। संस्था के प्रधानपाठक एम.एल.वर्मा ने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की । के.बी.एच.प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने रागिनी पटेल को अभय जायसवाल जिला शिक्षाधिकारी दुर्ग व टी.आर .जगदल्ले वि.ख.पाटन शिक्षाधिकारी,जे.गंजीर संकुल समन्वयक तेलीगुंडरा ने बधाई दी है।

## गागर में सागर पुस्तक नीतिपरक रोचक और मार्गदर्शी:वर्मा

**भिलाई, 17 फरवरी।** आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा की आठवीं पुस्तक गागर में सागर पर समीक्षा संगोष्ठी में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ.परदेशी राम वर्मा ने कहा कि पं.महेश शर्मा ने गागर में सागर की रचना पं.विष्णु शर्मा की पंचतंत्र से प्रेरणा लेकर की ?है। साहित्य सृजन परिषद द्वारा आयोजित संगोष्ठी में प्रसिद्ध कथाकार डॉ.वर्मा ने आगे कहा कि डा. शर्मा संस्कृत और संस्कृति के महत्त्वपूर्ण चिन्तक हैं। उनका पूरा जीवन साहित्य, संस्कृति, शिक्षा और लेखन को समर्पित है। उनके अनुभव का निचोड़ उनके लेखन में सहज ही उपलब्ध है। वीणापाणि साहित्य समिति दुर्ग के अध्यक्ष एवं कवि प्रदीप वर्मा ने कार्यक्रम के अध्यक्ष की आसन्दी से कहा कि ये पुस्तक नीतिपरक और मार्गदर्शी ललित निबन्धों से सम्पन्न है।

## बीएसपी ने किया कमकासुर में चिकित्सा शिविर का आयोजन



भिलाई, 17 फरवरी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में एवं खदान क्षेत्रों में किया जाता है। इसी क्रम में 15 फरवरी 2024 को डुल्की माइंस के समीप स्थित कमकासुर ग्राम में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

# पति ने मोबाइल छीना तो पत्नी ने लगाई फांसी



**भिलाई, 17 फरवरी।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र एक महिला ने सिर्फ इसलिए फांसी लगा ली क्योंकि उसके पति ने मोबाइल छीन कर रख लिया था मोहल्ले के लोगों ने पुलिस के पहुंचने से पहले ही महिला के शव को फंदे से नीचे उतारा बाद में पुलिस ने कमरे को सील कर शव को पीएम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल भेजा पुलिस ने बताया कि पांच रास्ता सुपेला में किसी महिला ने घर पर फांसी लगा ली है पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि वहां टाइल्स का काम करने वाले मिस्त्री भूपेंद्र साहू की पत्नी रचना साहू ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है सुबह पति ने मोबाइल छीना शाम को जान दे दी रचना के पति भूपेन्द्र साहू बताया कि उसकी शादी 6 साल पहले हुई थी 5 साल की दोनों की एक बेटी भी है उसने रचना का मोबाइल छीनकर अपने पास रख लिया और घर से बाहर चला गया था घर में केवल मां भाभी और उनके बच्चे थे शाम 7 बजे घर से फोन आया कि रचना ने फांसी लगा ली है जब भूपेंद्र घर पहुंचा तो उसके सामने पत्नी रचना का शव पड़ा हुआ था उसके गले में साड़ी का फंदा पड़ा हुआ था दिन भर मोबाइल पर लगी रहती थी रचना मोबाइल फोन पर लगी रहती थी घर का काम और बच्ची को देखना छोड़ वो फोन पर रील्स इंस्टाग्राम और फेसबुक वीडियो बनाने और पोस्ट डालने में ही लगी रहती थी उसने कई बार मोबाइल कम इस्तेमाल करने को कहा था इसे लेकर दोनों के बीच अक्सर झगड़े होते थे जब रचना नहीं मानी तो गुस्से में आकर भूपेंद्र ने उसका फोन ही छीनकर अपने पास रख लिया इससे नाराज होकर रचना ने आत्मघाती कदम उठा लिया बच्ची को दूसरे कमरे में बंद कर लगाई फांसी रचना अपने पति के साथ घर की दूसरी मंजिल में रहती थी नीचे सास और जेठ का परिवार रहता था घर में केवल रचना की सास, जेठानी और उनके बच्चे ही थे रचना अपनी बच्ची को लेकर ऊपर कमरे में गई जहां बच्ची को बंद कर खुद दूसरे कमरे में चली गई इसके बाद साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से झूल गई इसी दौरान जब बच्ची रोई तो सास और जेठानी ऊपर पहुंचीं तो देखा कि वो फंदे पर लटकी हुई है। इसके बाद दोनों ने शोर मचाया तो मोहल्ले के लोग पहुंचे और उसे फंदे से नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी।

# राजस्व विभाग की ऑनलाइन प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने भावना ने किया ध्यान आकर्षित

**कवर्धा, 17 फरवरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने भू-अभिलेख शाखा में ऑनलाइन कार्यों से आम जनता को हो रही परेशानियों के प्रति सदन का ध्यानाकर्षण किया। उन्होंने ऑनलाइन प्रक्रिया में हो रही त्रुटियों के बारे में सदन में चर्चा कर उसके समाधान हेतु भी अपनी बात रखी। इसके साथ ही उन्होंने शून्यकाल में किसानों के हित के लिए ओला वृष्टि की वजह से किसानों के फसलों को हुए नुकसान के संदर्भ में भी प्रमुखता से अपनी बात रखी।भावना बोहरा ने कहा कि आज हमारा देश डिजिटल इंडिया की ओर अग्रसर है। डिजिटल क्रांति से आज कई बड़े बदलाव हमें देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में कुछ त्रुटियां भी होती हैं जिनका निराकरण करना आज कई हद तक आसान भी हो चुका है। आज इसी ओर कदम बढ़ाते हुए शासकीय प्रक्रियाएं भी ऑनलाइन हो रही हैं।भू-अभिलेख शाखा का भी डिजिटलीकरण इसी उद्देश्य के साथ किया गया है ताकि जनता को सुविधा मिल सके। परंतु कुछ त्रुटियां व प्रक्रियाएं हैं, जिनकी वजह से आमजनों को दिक्कतें हो रही हैं।उन्होंने कहा कि भू-अभिलेख शाखा के मोबाइल एप भुइयां में क्लाउड स्टोरेज कम होने की वजह से अधिकांश समय या तो सर्वर डाउन रहता है, या फिर डाटा अपडेट करने में समय लगता इसके निराकरण के लिए क्लाउड स्टोरेज बढ़ाने से इसका समाधान हो सकता है। इसके साथ ही बहुत से ऐसे लोग हैं जिन्हें भुइयां एप के बारे में या तो अधिक जानकारी नही है अथवा उसके संचालन की प्रक्रिया मालूम नही है, उसके लिए शासन एवं प्रशासन द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाए जाने से जनता को सुविधा व जानकारी दोनों होगी ।

## निधन

**जागेश निषाद**

**उतई।** रामनगर निवासी एक्सरे टेक्नीशियन जागेश निषाद (40) का रायपुर एम्स में इलाज़ के दौरान बीते मंगलवार को निधन हो गया।



जिनका अंतिम संस्कार गृहग्राम सुहेला जिला बलौदाबाजार में किया गया। इनका दशगात्र एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम 19 फरवरी 2024 सोमवार को गृहग्राम में रखा गया है। वे सेवानिवृत्त चिकित्सक डॉ एमआर निषाद के सुपुत्र, सीमा निषाद के पति एवं दुर्ग जिला निषाद समाज आंकेक्षक मलेश निषाद एवं लतखोर निषाद के दामाद थे। स्थानीय निषाद समाज एवं ग्रामीणों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

# विशेष पिछड़ी जनजातियों की बदलेगी तस्वीर

**रायपुर, 17 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में तैयार किये गये बजट में विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों के लिए 300 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। इस बजट प्रावधान से छत्तीसगढ़ में रह रहे बिरहोर, पहाड़ी कोरवा, बैगा, कमार और अबूझमाड़िया लोगों को बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल पाएगा। घास-फूस के घरों की जगह वे पक्के घरों में रह सकेंगे। पेयजल की अच्छी सुविधा होगी। अभी अधिकांश विशेष पिछड़ी जनजाति की बस्तियों में पानी दूर से लाना होता है। कई बार इस जनजातीय समुदाय के लोग झिरिया आदि से पानी पीते हैं। अशुद्ध पेयजल की वजह से बीमारियां पनपती हैं।



देश में पहली बार इन विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना बनाई गई। यह योजना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु से शुरू की थी। छत्तीसगढ़ में इस योजना पर तेजी से क्रियान्वयन हो रहा है और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय इस पर सीधी नजर रख रहे हैं। बीते माह मुख्यमंत्री ने रायगढ़ जिले में बिरहोर बस्तियों का दौरा भी किया। उन्होंने यहां प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन की स्थिति देखी। मुख्यमंत्री ने इन बस्तियों में रहने वाले लोगों से संवाद भी किया।

इन बस्तियों में रहने वाले लोगों को योजनाओं का लाभ मिलते रहे, इसके लिए लगातार कैंप लगाये जा रहे हैं। विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए 300 करोड़ रुपए का बजट उपलब्ध हो जाने से अब इन इलाकों में तेजी से विकास हो सकेगा। यह योजना इसलिए भी आवश्यक थी क्योंकि इन जनजातियों का भौगोलिक परिवेश बहुत कठिन है। जहां पर बस्तियां बसी हैं वहां तक पेयजल की सुविधा उपलब्ध करा पाना तथा अन्य बुनियादी सुविधाएं दे पाना चुनौती होती थी लेकिन मुख्यमंत्री श्री साय के दृढ़ संकल्प के आगे रास्ता आसान हो गया है। जनमन योजना के माध्यम से न केवल बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं अपितु इनके लिए रोजगार के अवसर भी इसके माध्यम से सृजित किये जा रहे हैं। सरगुजा और बस्तर की ओर फोकस की सरकार की नीति भी इन अवसरों को बढ़ाने की दिशा में काफी उपयोगी होगी। स्थानीय उद्यमशीलता को बढ़ावा देकर इन जनजातियों के लिए रोजगार सृजन हो सकेगा। इन योजनाओं का लाभ आम आदमी तक पहुंचाने के लिए जनमन मित्र तथा सखी विशेष रूप से उपयोगी साबित हुए हैं। वे घर-घर जाते हैं पीवीटीजी से उनकी भाषा में बात करते हैं। सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हैं और फार्म भी भरवाते हैं।

## एक नजर

### बैठक में एजेंडावार विचार कर आवश्यक निर्देश दिये गये

**रायपुर 17 फरवरी।** आज नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में नगर पालिक निगम की मेयर इन काउंसिल एमआईसी की बैठक महापौर श्री एजाज ढेबर की अध्यक्षता एवं सभापति श्री प्रमोद दुबे, आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा एमआईसी सदस्य सर्वश्री ज्ञानेश शर्मा, श्रीकुमार मेनन, नागभूषण राव, समीर अख्तर, सतनाम सिंह पनाग, सुन्दर लाल जोगी, रितेश त्रिपाठी, जितेन्द्र अग्रवाल, सुरेश चन्नावार , श्रीमती द्रौपती हेमंत पटेल, अपर आयुक्त एवं सचिव श्री विनोद पाण्डेय की उपस्थिति में हुई। एमआईसी की बैठक में विभिन्न विभागों के निर्धारित 7 एजेंडों पर विचार - विमर्श कर संबंधित अधिकारियों को एजेंडावार आवश्यक निर्देश नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत दिये गये। महापौर श्री एजाज ढेबर, सभापति श्री प्रमोद दुबे, आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, एमआईसी सदस्यों ने राजधानी शहर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के सभी 70 वार्डों में मच्छरों पर कारगर नियंत्रण हेतु प्रभावी तरीके से मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम चलाने के सम्बन्ध में चर्चा एवं विचार - विमर्श किया एवं इस सम्बन्ध में पावर पॉइंट प्रजेटेंशन देखा। वहीं शहर में आवारा श्वानों पर केन्द्र सरकार के अधिनियम के अनुरूप कारगर अंकुश लगाये जाने के उपायों पर पशु चिकित्सकों से चर्चा की एवं आवारा श्वानों की नसबंदी के कार्य को शहर में प्रभावी बनाने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। एमआईसी की बैठक में सामान्य प्रशासन विभाग के विभागीय प्रस्ताव के अनुसार निगम में सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियन्ता श्री हेमन्त शर्मा, इस माह दिनांक 29 फरवरी 2024 को निगम सेवा से सेवानिवृत्त होने जा रहे प्रभारी अधीक्षण अभियन्ता श्री बद्री चंद्राकर, निगम से सेवानिवृत्त सहायक ग्रेड - 3 कर्मचारी श्री मोहम्मद खान को 1-1 वर्ष की संविदा नियुक्ति देने के प्रस्ताव को स्वीकृति हेतु राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में भेजने की सर्वसम्मति से अनुशंसा कर दी गयी।

### आयुक्त ने महतारी वंदन योजना का लाभ लेने का किया आह्वान

**रायपुर 17 फरवरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के आदेशानुसार एवं उपमुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री श्री अरुण साव के निर्देशानुसार रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के दिशा - निर्देश एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुधारने शहर की स्वच्छता रैकिंग और बेहतर बनाने की दृष्टि से स्वच्छता अभियान निरन्तर प्रगति पर है। प्रतिदिन आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, अपर आयुक्त, उपायुक्त स्वास्थ्य, जोन कमिश्नरगण, कार्यपालन अभियन्तागण, जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण विभिन्न स्थानों की सफाई व्यवस्था का सुबह 6 बजे से निरीक्षण कर सफाई करवा रहे हैं. इस क्रम में आज नगर निगम आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन क्रमांक 7 के तहत कोटा बीएसयूपी कॉलोनी में पहुंचकर वहाँ की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण जोन 7 जोन कमिश्नर श्री जसदेव सिंह बाबरा, नगर निवेशक श्री निशिकांत वर्मा, जोन 7 कार्यपालन अभियन्ता श्री सुशील मोडेस्टस की उपस्थिति में किया. आयुक्त ने बीएसयूपी कॉलोनी की रहवासियों से चर्चा की एवं अधिकारियों को सम्पवेल की तत्काल सफाई करवाने एवं सेप्टिक टेंक की सफाई सकशन मशीन लगाकर करवाने के निर्देश दिये। आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने रहवासी महिलाओं से छत्तीसगढ़ शासन की महतारी वन्दन योजना पर चर्चा की एवं उनसे शासन द्वारा निर्धारित पात्रतानुसार महतारी वन्दन योजना में आवेदन अन्तिम नियत तिथि दिनांक 20 फरवरी के पूर्व भरकर जमा करके योजना का अधिकाधिक संख्या में पूर्ण वांछित लाभ राज्य शासन की नारी सशक्तिकरण की मंशा के अनुरूप उठाने का आव्हान किया। आयुक्त ने महिलाओं से चर्चा के दौरान महतारी वन्दन योजना के आवेदन को लेकर निर्धारित शासकीय नियमावली की जानकारी दी एवं सभी महिलाओं को अवगत करवाकर अधिक से अधिक संख्या में पात्रतानुसार योजना का लाभ लेने सबको अवगत करवाकर प्रेरित करने का आव्हान किया. आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित करें कि सभी पात्र महिलायें महतारी वन्दन योजना का पूर्ण वांछित लाभ प्राप्त करने आवेदन प्राप्त एवं जमा करने का कार्य सहजता एवं सरलता के साथ कर सकें एवं कोई भी पात्र महिला योजना का लाभ प्राप्त करने से कदापि वंचित ना रहने पाये।

### प्रदेश में बेहतर होगा सड़कों का ढांचा, नई सड़कों और फ्लाईओवर सहित कई प्रस्ताव

**रायपुर, 17 फरवरी ।** उपमुख्यमंत्री एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री श्री अरुण साव द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 8016 करोड़ 84 लाख 34 हजार रुपए अनुदान मांगे प्रस्तुत की गई जिसे आज विधानसभा में पारित किया गया। श्री साव ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार प्रदेश में सड़क अधोसंरचना को मजबूत करने के साथ ही अविकसित और पिछड़े क्षेत्रों में सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में तेजी से वाहनों की संख्या बढ़ी है। इससे यातायात पर दबाव बढ़ा है। सड़कों के चौड़ीकरण की जरूरत है और इनके सुदृढ़ीकरण की जरूरत भी है ताकि यातायात व्यवस्थित हो, इस जरूरत के अनुरूप बजट प्रावधान किये गये हैं। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि मोदी जी की गारंटी के अनुरूप वर्ष 2027 तक प्रत्येक राजमार्ग को बारहमासी एवं यातायात की जरूरतों के अनुरूप मजबूत करेंगे। मोदी जी की गारंटी के अनुरूप राज्य के सभी राज्यमार्गों को यथासंभव डबल लेन किया जाएगा। श्री साव ने कहा कि पहुंचविहीन गांवों में सड़क अधोसंरचना सुनिश्चित करेंगे ताकि ये गांव मुख्यधारा से जुड़ सकें। श्री साव ने कहा कि निर्माण कार्यों में पूरी तरह गुणवत्ता सुनिश्चित हो, इसके लिए पीडब्ल्यूडी दृष्टि एप लांच किया गया है। इसके माध्यम से निरीक्षणकर्ता अधिकारी कार्यस्थल से ही कार्य के फोटोग्राफ लेकर सर्वर पर अपलोड कर सकेंगे। श्री साव ने बताया कि सड़कों की मरम्मत के लिए 396 करोड़ रुपए रखे गये हैं। प्रदेश में नये रेलवे ओवरब्रिज, अंडर ब्रिज एवं अंडर पास बनाये जाएंगे। पंडरी-मोवा मार्ग पर बनेगा फ्लाईओवर- 75 करोड़ रुपए की लागत से पंडरी मोवा मार्ग पर फ्लाईओवर का निर्माण कराया जाएगा।

# अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 17 फरवरी।** शासन निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त रवैया अपना कर प्रतिदिन कार्यवाही की जा रही है और अवैध प्लाटिंग की जॉच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक कई क्षेत्र के अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने के साथ-साथ अवैध कॉलोनी में बाह्य विकास शुल्क जमा करने नोटिस दिया गया है। कार्यवाही की कड़ी में आज रायपुर नाका पेट्रोल पंप के पीछे मुरूम डालकर अवैध प्लाटिंग करने तैयारी की जा रही थी, जिसे निगम की टीम जेसीबी से उखाडकर मुरूम जप्ती की कार्यवाही की। कार्यवाही के संबंध में निगम



आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही करने शासन द्वारा निर्देशित किया गया है, निर्देशानुसार निगम का अतिक्रमण तोड़ू दस्ता अवैध प्लाटिंग की जानकारी लेकर नोटिस जारी करने के साथ साथ प्लाटिंग क्षेत्र की रोड नाली तोडने की कार्यवाही कर रही है। उन्होने बताया कि रायपुर नाका स्थित पेट्रोल पंप के पीछे खसरा कं. 72/6 में री राहुल जैन आ. श्री नरेश जैन तथा 72/7 में श्री गणेश जैन आ. श्री टीकम चंद जैन द्वारा मुरूम डालकर अवैध प्लाटिंग की तैयारी की जा रही थी, जिसकी जानकारी होते ही निगम की टीम जेसीबी के माध्यम से मुरूम ध्वस्त करने की कार्यवाही की। इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। आयुक्त श्री गुप्ता ने तकनीकी अधिकारियों से कहा कि, नगर निगम सीमाक्षेत्र में अवैध कॉलोनी एवं अवैध प्लाटिंग की जॉचकर नोटिस जारी करें और यदि संबंधित के द्वारा अवैध प्लाटिंग कार्य बंद नही किया जाता तो उनके विरूद्ध निगम प्रावधानों के तहत् कडी कार्यवाही करें। कार्यवाही के दौरान प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम, उप अभियंता श्री अनिमेष चंद्राकर, श्री अशोक देवांगन, श्री डाकेश्वर कर्ष, प्र.पटवारी श्री मिलिन्द रेड्डी व गणेश झा उपस्थित थे।

## चुनावी इलेक्टोरल बांड के विरोध में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 17 फरवरी।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनावी इलेक्टोरल बांड को असंवैधानिक करार दिए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कांग्रेस द्वारा उक्त फैसला का स्वागत करते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में गुरूवार 15 फरवरी को एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया वहीं शाम को मानव मंदिर चैक पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का समर्थन करते हुए आवाज बुलंद की। इस संबंध में शहर जिला कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया वहीं सुप्रीम कोर्ट के फैसला का स्वागत किया। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि केन्द्र की भाजपा नीत मोदी सरकार द्वारा जब वर्ष 2017 में जब चुनावी बांड योजना को वित्त विधेयक के रूप में पेश किया गया तो कांग्रेस इसकी अपारदर्शी, अलोकतांत्रिक और हानिकारक प्रकृति की स्पष्ट रूप से निंदा करने वाली पहली पार्टी थी। कांग्रेस पार्टी इस कुटिलचाल के खिलाफ संसद के अंदर व बाहर अपनी लड़ाई जारी रखी जिसका सुखद परिणाम आया। श्री छाबड़ा ने आगे कहा कि हम केन्द्र की मोदी सरकार की इस काला धन रूपांतरण योजना को ''असंवैधानिक'' मानते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते है। उक्त विरोध प्रदर्शन में कांग्रेसजनों द्वारा निंदनीय चुनावी बांड के माध्यम से भाजपा के बड़े पैमान पर भ्रष्टाचारिता वाले चरित्र को उजागर किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से महापौर हेमा देशमुख, प्रदेश पदाधिकारी मेहुल मारू, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, झम्मन देवांगन, नासिर जिंदरान, रमेश राठौर, अशोक पंजवानी, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लाक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, नारायण सोनी, शकील रिजवी, अतुल शर्मा, पार्षद मनीष साहू, सतीश मसीह, बबलू कसार, विशु अजमानी, मोहसिन कुरैशी, संदीप साहू, संदीप जायसवाल, राजेश चैहान, सुरेन्द्र देवांगन, हफीज वारसी, भरत सोनी, सतीश सोनपिपरे, जितेश सिमनकर, निलेश ठावरे, जितेश सिमनकर, विष्णु सिन्हा, अनिल ठाकुर, राहुल गजभिए, राहुल देवांगन, देवेन्द्र शेंडे, सुरेन्द्र गजभिए, गोलू कलिहारी, मोहम्मद इब्राहिम, हेमंत वैष्णव, जम्मु देवांगन, चंद्रमोहन सिंह राजपूत, प्रवीण मेश्राम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## पी-4 सद्भावना रात्रिकालीन क्रिकेट का श्रीगणेश

**राजनांदगांव 17 फरवरी।** प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाली चौथी पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता आज 17 फरवरी 2024 से खेल नगरी राजनांदगांव में प्रारंभ होने जा रही है। अतिथियों की उपस्थिति में प्रतियोगिता का शुभारंभ संध्या 6 बजे से दिग्विजय स्टेडियम में होगा। आयोजन समिति द्वारा प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रतियोगिता अपने नियमों एवं खिलाड़ियों के साथ ही आम नागरिकों में सद्भावना बनी रहे, इसी उद्देश्य को लेकर पी-4 आयोजन समिति द्वारा यह अनोखी क्रिकेट स्पर्धा आयोजित की जाती है। कलेक्टर एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा इस रात्रिकालीन पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता को भव्य रूप दिया गया है। साथ ही खिलाड़ियों के अलावा खेल प्रेमियों में हर एक गेंद पर मनोरंजन के साथ आनंद की अनुभूति हो ऐसा प्रयास किए जा रहे हैं। इस भव्य आयोजन में प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक द्वारा इस वर्ष भी प्रतियोगिता में दस टीमों के मध्य दो पूल बनाकर लीग राऊण्ड के मैच पहले दौर में 17 से 22 फरवरी तक खेले जायेंगे। स्पर्धा का सेमीफायनल मैच 23 फरवरी को तथा फायनल मैच एवं समापन समारोह 24 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष पूल ए में प्रेस क्लब, नागरिक इलेवन बी, डॉक्टर इलेवन, पुलिस इलेवन, नागरिक इलेवन ए तथा पूल बी में टैक्स बार एसोसिएशन, न्यायालय इलेवन, नगर निगम, नागरिक इलेवन सी तथा प्रशासन इलेवन की टीमें हिस्सा लेगी। मैदान को ध्वज पताका से सजाया गया है। इसके अलावा खिलाडियों एवं दर्शकों के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। प्रतियोगिता के शुभारंभ दिवस आज 17 फरवरी को संध्या 6 बजे से तीन मैच खेले जायेंगे।

# आत्मचिंतन का ग्रंथ है रामचरितमानस: राम ज्ञानीदास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 17 फरवरी।** समीपस्थ ग्राम दर्री शिवनाथ नदी तट स्थित ब्रम्हचारी आश्रम के संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी के पावन सानिध्य में श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ का सुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। इस धार्मिक आयोजन में अंचल सहित अन्य जगहों से पधारकर श्रद्धालु मन्दिरों के दर्शन लाभ के सांथ यज्ञ परिक्रमा कर ,तिरखेड़ी आश्रम (महाराष्ट्र) से पधारे संत राम ज्ञानी दास जी महात्यागी के संगीत मयी राम कथा का भी रसपान कर रहे हैं, अपने प्रथम दिवस की कथा में श्री राम चरित मानस की महिमा का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए सन्त श्री ने बताया कि राम चरित मानस एक दृढ़ ग्रन्थ है, विश्वास का ग्रन्थ है, जिसे तर्क और कुतर्क से नही समझा जा सकता है। राम को पाने ,सत्य को



जानना होगा क्योंकि राम ही शास्वत सत्य हैं, राम को जानने के लिए सबसे पहले मन मे बैठे संसय रूपी विहंग को सत्संग के माध्यम से उड़ाना पड़ेगा,उन्होंने आगे बताया कि,भारत की अस्मिता को बरकरार रखना है तो सबसे पहले कृषि और ऋषि परम्परा को बचाना होगा,सन्त महात्यागी जी ने अपनी ओज पूर्ण वाणी से सती मोह की कथा का सविस्तार वर्णन करते हुये श्रावक श्राविकाओं को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने बताया कि रामकथा शास्त्र भी है, जरूरत पड़े तो शस्त्र भी है। राम चरित मानस आत्म चिंतन का ग्रन्थ है ,जिनको राम के प्रति अति अनुराग है, वही मनुष्य ही इस ग्रन्थ का चिंतन मनन कर राम को जान सकता है।

## कलेक्टर ने ली निर्माण एजेंसी से संबंधित अधिकारियों की बैठक

# निर्माण एजेंसी स्थल निरीक्षण करने के पश्चात ही नये विकास कार्यों का बनाएं एस्टीमेट: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 17 फरवरी।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में निर्माण एजेंसियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे निर्माणाधीन कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने वाला है। सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के लिए यह समय अनुकूल है, इसलिए निर्माण कार्य में तेजी लाए। उन्होंने स्वीकृत नये विकास कार्यो को शीघ्र शुरू करने के निर्देश निर्माण एजेंसियों को दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कार्यों में कोई परेशानी आती है, उसकी जानकारी साझा करें। जिससे संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों और जिला प्रशासन के माध्यम से दूर



किया जाएगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि नये विकास कार्यों का एस्टीमेट बनाने के पहले अधिकारी स्वयं स्थल का निरीक्षण जरूर करें, जिससे सही तरीके से एस्टीमेट बनेगा। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसियों के अधिकारी नियमित फिल्ड में जाकर विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें, जिससे निर्माणाधीन कार्यों में तेजी आएगी और गुणवत्ता बनी रहेगी। उन्होंने छोटे एवं पुराने विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिससे जनसामान्य को इसका लाभ शीघ्र मिल सके। उन्होंने कहा कि जिस कार्य के लिए राशि स्वीकृत हुई है, उसी कार्य में उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य प्रारंभ की तिथि और कार्य पूर्णता की संभावित तिथि की जानकारी जिला कार्यालय को देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सांसद एवं विधायक निधि के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित करते हुए कहा कि सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉर्पोरेशन, सेतु निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित अन्य विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर गुणवत्तापूर्ण समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

## समाचार संक्षेप

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 21 फरवरी तक वार्डों में शिविर

**राजनांदगांव 17 फरवरी।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह दिसम्बर 2023 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 25 जनवरी 2024 से 21 फरवरी 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 19 फरवरी को सुभाष वार्ड नं. 27 व तिलक वार्ड नं. 28 के लिये कन्या प्राथमिक शाला भरकापारा में, विवेकानद वार्ड नं. 29 के लिये सामुदायिक भवन मठपारा में व कैलाश वार्ड नं. 30 के लिये पार्षद कार्यालय कैलाश नगर में, 20 फरवरी को जनता कालोनी वार्ड नं. 31, संजय वार्ड नं. 32, लखोली वार्ड नं. 35 व सेठीनगर वार्ड नं. 36 के लिये मंगल भवन लखोली दुर्गा चौक में एवं 21 फरवरी को लखोली वार्ड नं. 33 के लिये कबीर भवन बैगापारा लखोली में व कन्हारपुरी वार्ड . 34 के लिये शंकर भवन कन्हारपुरी में शिविर का आयोजन किया गया है। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11- 30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह दिसम्बर 2023 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि समाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

### हर गांव में होने चाहिए डिजास्टर मैनेजमेंट एवं फर्स्ट एड वालेंटियर : सीईओ

**राजनांदगांव 17 फरवरी।** राज्य रेडक्रॉस के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी श्री एमके राउत एवं चेयरमेन श्री अशोक कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में कलेक्टोरेट



कार्यालय के सभाकक्ष में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित रहे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी राज्य रेडक्रॉस श्री एमके राउत ने कहा कि रेडक्रॉस दुनिया का सबसे बड़ा एनजीओ है, जिसका उद्देश्य लोगों में सामाजिक भावना जागृत कर निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य करना है। बैठक में उन्होंने जिला शाखा रेडक्रॉस की वर्तमान गतिविधियां, रेडक्रॉस दवा दुकान, ब्लड सेंटर और एंबुलेंस का संचालन, निक्षय मित्र अभियान पर चर्चा, सदस्यता अभियान, प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण, शालाओं एवं महाविद्यालयों में रेडक्रॉस का गठन एवं गतिविधियों का संचालन, स्कूल-कालेजों के छात्राओं को फर्स्ट एड प्रशिक्षण दिया जाना, ब्लड डोनेट करने के लिए जनजागरूकता लाने, प्रत्येक गांवों में रेडक्रॉस वालेन्टियर नियुक्त करने, रेडक्रॉस सदस्यता अभियान चलाये जाने जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया एवं आवश्यक निर्णय लिया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी श्री एमके राउत ने निक्षय मरीजों को दिए जा रहे फूड बास्केट की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इलाज प्रारंभ होने के साथ ही उन्हें सप्लीमेन्ट्री फूड बास्केट प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया जाए, जिससे बेहतर रिजल्ट मिल सके। इस दौरान जिले में संचालित वृद्धाश्रम, पुनर्वास केन्द्र, नशामुक्ति केन्द्र के संबंध में भी जानकारी ली।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी श्री एमके राउत ने कहा कि डिजास्टर मैनेजमेंट एवं फर्स्ट एड के लिए वालेन्टियर तैयार करने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सचिवों को प्रशिक्षण देने संबंधी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। जिससे ग्राम पंचायत स्तर पर उन्हें प्रशिक्षण प्रदान कर ट्रेंड वेलेन्टियर के रूप में तैयार किया जा सके। इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग को प्रत्येक स्कूलों में भी फर्स्ट एड से संबंधित प्रशिक्षण संचालित करने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी श्री राउत के द्वारा दान, सदस्यता अभियान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्कूल व कालेज में नये सदस्य बनाने को कहा। बैठक में शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग से सदस्यता शुल्क के संबंध में चर्चा की। उन्होंने अधिक से अधिक सदस्य बनाने हेतु निर्देशित किया।

### पुलिस आरक्षक हत्या मामले में आठवां पशु तस्कर गिरफ्तार

**राजनांदगांव 17 फरवरी।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 9 फरवरी की रात्रि 02.30 बजे संदिग्ध वाहन का पीछा करते हुए हाईवे पेट्रोलिंग के चालक की सूचना पर संदिग्ध वाहन को एमसीपी लगाकर रोकने की कोशिश करते हुए थाना बागनदी के पुलिस आरक्षक शिवचरण मंडावी को संदिग्ध वाहन का चालक अपने



पिकअप वाहन को तेज रफ्तार से चलाते हुए जानबूझकर कुचलकर जान से मारने की नीयत से आरक्षक शिवचरण मंडावी के उपर वाहन चढ़ाकर घसीटते हुए देवरी महाराष्ट्र की ओर फरार हो गया। आरक्षक शिवचरण मंडावी को गंभीर चोट आने पर ईलाज के लिए देवरी अस्पताल लेकर गये जहां ईलाज के दौरान आरक्षक का फौत हो गया। जिस पर थाना बागनदी में अपराध कमांक 13/2024 भा.द.वि. की धारा 307,302,34,120क्छ. ग. पशु परि. अधि. धारा 4,6,10 का अपराध पंजीबद्ध किया गया था । विवेचना दौरान अलग अलग स्थान से पूर्व में 07आरोपीयो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग द्वश्चह्य के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में आरोपी अनिल थापा को गिरफ्तार किया गया। मामले में घटना दिनाक को गिरफ्तार आरोपी अनिल थापा ,मनीष अंबादे डोंगरगढ़ निवासी के साथ मिलकर पशुओं को पिकअप में लोड कराकर बॉर्डर तक रेकी करते हुए वाहनों को पार कराता था। आरोपी द्वारा पशुओं से भरे पिकअप को घटना दिनांक डोंगरगढ़ से चिचोला तक पार कराना बताया।

संपादकीय

# आदर्श अच्छा लगता है पर हकीकत नहीं है

किसी भी देश,समाज को आदर्श अच्छा लगता है। सबको लगता है कि ऐसा होना चाहिए लेकिन हकीकत में वैसा होता कहां है। आदर्श और हकीकत के बीच जमीन आसमान का अंतर होता है। आदर्श सपने की तरह होता है जो देखने में अच्छा लगता है लेकिन वह ऐसा सपना होता है जो पूरा नहीं होता है। जैसे भारत के लिए आदर्श राज करने की व्यवस्था रामराज्य है, इसे हर कोई अपना लक्ष्य बना सकता है, लोगों से कह सकता है कि हम राम राज्य लाएंगे। आजादी के बाद सारे राजनीतिक दलों ने अपने तौर पर रामराज्य लाने का कोशिश की लेकिन राम राज्य आया क्या? नहीं आया क्योंकि यह मनुष्य समाज के लिए एक आदर्श स्थिति तो है लेकिन कोई आज तक नहीं ला सका है। सबने अपने तौर पर प्रयास भी किए हैं लेकिन सब असफल रहे हैं। आदर्श स्थिति एक लक्ष्य हो सकता है लेकिन ऐसा लक्ष्य जिसे कभा हासिल नहीं किया जा सका। इसलिए समाज व देश में जो व्यवहारिक होता है, वही सच होता है। हमारे देश में लोकतंत्र हैं लेकिन आदर्श लोकतंत्र नहीं है। आदर्श लोकतंत्र की कल्पना की जा सकती है लेकिन वह जमीन पर कभी होता नहीं है, दिखता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में आदर्श लोकतंत्र की बात करते हुए कहा है कि आदर्श लोकतंत्र में जनता से कुछ भी छिपाया नहीं जाना चाहिए. यह बात उन्होंने राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे को लेकर कही है। आजादी के 75 साल बाद भी हम और हमारी अदालतें आदर्श लोकतंत्र की बात कर रहे हैं,आदर्श लोकतंत्र हमारे देश में नहीं है तो यह हम सब की बड़ी विफलता है, यह कोर्ट की भी विफलता भी है। आदर्श लोकतंत्र की स्थापना करना जनता व राजनीतिक दलों की ही जिम्मेदारी नहीं है, यह कोर्ट की भी जिम्मेदारी है, वह इस जिम्मेदारी सिर्फ यह कहकर पल्ला नहीं झाड़ सकता कि वह सिर्फ यह बता सकता है कि कानून में खामी क्या है, आदर्श लोकतंत्र के लिए वह कुछ नहीं कर सकता। सुप्रीम कोर्ट ने यह बताया है कि देश में आदर्श लोकतंत्र नहीं है, जनता से बहुत कुछ छिपाया जाता है, चुनाव में कालेधन का उपयोग होता है, जो भी राजनीतिक दलों को चंदा दे, उसका नाम सबको पता रहना चाहिए। कोर्ट को यह बताना चाहिए कि जनता से राजनीतिक दल क्या छिपा सकते है तथा क्या नहीं छिपा सकते। क्योंकि राजनीतिक दल तो बहुत सारा ऐसा काम भी करते हैं जिसके बार में जनता को पता नहीं रहता है और वह जनता का बताना जरूरी नहीं समझते हैं। कोर्ट को यह भी बताना चाहिए कि इस देश में अमीरों से चंदा लिए बिना चुनाव कैसे हो सकता है। हमारे देश की यह कड़वी सचाई है कि जो दल सत्ता में रहता है उसे सबसे ज्याद चंदा मिलता है, यह अगर गलत बात है तो इस देश के सारे दलों ने गलत किया है क्योंकि वह जिस राज्य में सत्ता में हैं वहां उनको चंदा ज्यादा मिलता है। पहले केंद्र की सत्ता में कांग्रेस थी तो उसे ज्यादा चंदा मिलता था और वह पार्टी के अलावा व्यक्तिगत तौर पर मिलता था, तब चुनाव में कैश का बहुत उपयोग होता था. काले धन का बहुत उपयोग होता था, काले धन व कैश के उपयोग कम करने के लिए ही तो मोदी सरकार ने कानून बनाया था। यह कानून अगर असंवैधानिक था तो इसे बताने में सुप्रीम कोर्ट को इतना वक्त क्यों लगा। वह सरकार को पहले बताती ता सरकार दूसरा कानून लेकर आती। सुप्रीम कोर्ट ने चंदा के कानूव को ऐसे वक्त में गलत बताया है जब संसद स्थगित हो चुकी है तथा कुछ दिनों बाद चुनाव होने वाले हैं। कोर्ट ने कह दिया है कि केंद्र सरकार को दूसरा कानून बनाना चाहिए। केंद्र सरकार इस मामले अभी क्या कर सकतीी है, यह साफ नहीं है। जहां तक सवाल सुप्रीम कोर्ट के फैसला का है तो उसका राजनीतकि प्रभाव क्या और कितना पड़ेग यह अभी कहा नहीं जा सकता लेकिन कुछ न कुछ तो पड़ेगा, क्योंकि विपक्ष इसे चुनाव में मुद्दा बनाने का प्रयास करेगा तथा सरकार को भ्रष्ट बताने का प्रयास करेगा। विपक्ष ऐसा करता है तो वह बड़ी भूल करेगा, वह उसी पिच पर खेलेगा जिस पिच पर पीएम मोदी उसे खेलाना चाहते हैं। भ्रष्टाचार के मामले में मोदी सरकार एकदम साफसुथरी है। उस पर आरोप लगाए लेकिन पीएम मोदी की ईमानदारी पर जनता को कोई शक नहीं है,वह जानती है कि यही एक नेता ऐसा है जिसे संपत्ति का मोह नहीं हैं जिसके खाते में सैक़ड़ों करोड़ नहीं है। किसी दल को ज्यादा चंदा मिलना भ्रष्टाचार नहीं है, वह तब पाई पाई की हिसाब बैंक के पास हो। फिर चंदा तो सभी दलों ने लिया है। मोदी सरकार ने गलती की है तो बाकी लोगों ने भी तो वही गलती की है।

# स्वदेशी में छिपा है राष्ट्र का विकास

चिंतन

डॉ सूर्यकांत मिश्रा



पूरे विश्व में अब हिंदुस्तान आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से कदम बढाता दिखाई पड़ रहा है । हमने पिछले कई दशकों से यह जानने की कोशिश नहीं की , कि हम आत्मनिर्भर क्यों नहीं हो सकते ? दुनिया में सबसे अधिक संख्या हमारी ही है । हमारे अपने प्रतिभावान विदेश में अपने कौशल का प्रदर्शन कर निर्माण प्रक्रिया में सहभागी बन रहे हैं । जो चीज हम अपने देश में बनाकर विदेशी मुद्रा कमा सकते हैं , उसे हमारे वैज्ञानिक और इंजीनियर विदेशी सेवा में जाकर अन्य देशों में बना रहे हैं ! हमारे साथ सबसे बड़ा दुखद पहलू यह है कि हम




विदेशी वस्तुओं को खरीद कर और उसका उपयोग कर खुद को बड़ा तीरंदाज महसूस करते हैं ! क्या इस सच्चाई से हम मुंह मोड़ सकते हैं , कि विदेशी वस्तुओं का उपभोग कर हम अपनी अर्थव्यवस्था को कमजोर कर रहे हैं ! इतना ही नहीं हम आर्थिक रूप से गुलामी की ओर कदम बढ़ा रहे हैं । प्रत्येक देशवासी यदि यह प्रण ले ,ले कि वह देश में निर्मित वस्तु का ही उपयोग करेगा तो इसके दो बड़े लाभ होंगे- पहला यह कि हमारे देश की मुद्रा हमारे देश में ही रहेगी । दूसरा यह की देसी उद्योग धंधों के विकास में सहायक होने के साथ ही हम अपने देश को उत्तरोत्तर प्रगति के मार्ग में ले जा सकेंगे । स्वदेशी सप्ताह के अवसर पर आयोजित स्वदेशी मेलों में हम बढ़-चढ़कर स्वदेशी होने का दावा करते हैं , किंतु धरातल पर हमारी स्थिति कुछ और ही है ! हम यह देख रहे हैं कि पिछले कई दशकों से भू- मंडलीकरण के नाम पर चल रही जन विरोधी नीतियों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था बहु आयामी संकटों में घिरी हुई है !हम अपने बीच बड़ी-बड़ी विदेशी कंपनियों और चीन के उत्पादों में ऐसे उलझ चुके हैं जैसे चक्रव्यूह के बीच अभिमन्यु ! हमने विदेशी सामानों को ऑनलाइन तरीके से खरीदना तो आसानी से सीख लिया , किंतु उससे बाहर निकलने के लिए अब तड़प रहे हैं ! मैं एक दशक की बात करूं तो वर्ष 2016 में हमने अपने देश से मात्र 9 अरब डॉलर के उत्पाद चीन को निर्यात किए , इसके उलट इसी 2016 में हमने चीन से जो आयात किया वह 62 अरब डॉलर के बराबर है ! राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में हम यदि स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर चर्चा करें , तो देशवासियों द्वारा खुद के उत्पाद को खरीदने से जो बड़ा लाभ होगा वह हमारे देशभक्त होने का परिचय दे जाएगा । चीन सहित अन्य देशों की सामग्री का उपयोग कर हम उन देशों की ताकत बढ़ा रहे हैं ! दूसरी ओर खुद के लिए कुआं और खाई भी खोद रहे हैं ! आज वही चीन जो हमारा दिया खा रहा है , रोज हम पर आंखें तरेरता दिखाई पड़ रहा है !

आजादी के उपरांत पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने स्वदेशी को भारत की आत्मा बनाने के लिए अनेक स्तरों पर काम किया । एकात्मक- मानववाद और अंत्योदय विचार के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारत के विकास के लिए एक ऐसा स्वदेशी सामाजिक- आर्थिक- मॉडल प्रस्तुत किया । इसके विकास के केंद्र में मनुष्य है । मनुष्य यह भूल रहा है कि स्वदेशी का जागरण केवल वही कर सकता है । कारण यह कि जब हम स्वदेशी का चिंतन करते हैं , तो हमारे मन में भी स्वदेशी की कल्पना जन्म देने लगती है । यही कल्पना हमें प्रेरित करती है , कि हम अपने राष्ट्र और अपने देश में निर्मित सामग्री को अपने जीवन का अंग बनाएं । आजादी का समय ऐसा समय था , जब भारत वर्ष के एक-एक व्यक्ति के हृदय में स्वदेशी के लिए प्रेम और श्रद्धा ने स्थान बना लिया था । हम जैसे-जैसे विकास करते गए वैसे-वैसे रहन-सहन के तरीकों में अंतर आता गया । हम अपने घरों को सजाने के साथ खुद को सुंदर और आकर्षक दिखाने के लिए उन सामग्रियों पर निर्भर होने लगे , जो हमारे देश में नहीं बन पा रही थी । यही से धीरे-धीरे हमने विदेशी उत्पादों का उपयोग शुरू कर दिया । आज हम अपने वैभव को अपना अहंकार बन चुके हैं । स्वदेशी के संबंध में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने बड़े ही स्पष्ट शब्दों में कहा था मैं उन वस्तुओं को स्वदेशी माने कतई तैयार नहीं हूं , जिनका निर्माण तो देश में किया जा रहा है , किंतु सारी की सारी वस्तु विदेशों को भेज दी जा रही है ! वह कहा करते थे स्वदेशी कोई वस्तु नहीं बल्कि एक चिंतन है।

स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग अथवा स्वदेशी विचारधारा का हमारे जीवन में बड़ा ही सकारात्मक प्रभाव पड़ता है । देखा जाए तो स्वदेशी भारतीय जीवन दर्शन का बड़ा तंत्र है ।इसे सुखी जीवन का मंत्र भी कहा जा सकता है ।भारतवर्ष के विकास एवं युग परिवर्तन का बड़ा शस्त्र भी स्वदेशी विचारधारा ही हो सकती है । भारतवर्ष की बढ़ती बेरोजगारी का समाधान भी इसी स्वदेशी विचारधारा में छिपा हुआ है । किसी के द्वारा हमारा शोषण न किया जा सके- इसका कवच भी स्वदेशी विचारधारा ही है ।स्वदेशी ही स्वाभिमान है , हमारी श्रमशीलता का । आज हमने स्वदेशी को एक आंदोलन बना दिया है- अपनी सादगी और सम्मान के लिए ।यदि हम विचार करें , तो समाज सेवा का मजबूत आधार भी स्वदेशी ही है । यही मानवता के विकास का उपचार भी है । स्वदेशी ही उत्थान भी है- समाज व राष्ट्र के सम्मान और स्वाभिमान का । हमारे देश की वर्तमान पीढ़ी को यह मान लेना चाहिए , कि स्वदेशी ही जीवन मरण का संग्राम है । वास्तव में स्वदेशी क्या है ? जहां तक मैं समझता हूं जिस गतिविधि से हमारे अंदर अपनेपन का भाव उत्पन्न हो जाए वही गतिविधि स्वदेशी है । तात्पर्य यह की जो निर्माण अथवा उत्पाद हमारे इर्द-गिर्द उत्पन्न हुआ हो वही हमें उन्नति के मार्ग पर ले जा सकता है । तब हम क्यों चीन या अन्य देश का उत्पाद खरीदें ? जो कुछ भी हमें हमारी प्रकृति और राष्ट्र प्रदान करे , वही स्वदेशी की आत्मा है । स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए हमें अपने देश में निर्मित वस्तुओं के उपयोग के लिए संकल्पित होना होगा । वर्तमान समय में हमारा देश चांद में झंडा गाड़ चुका है ।चिकित्सा के क्षेत्र में हमने आशा से कहीं अधिक उन्नति करते हुए विश्व स्तर पर अपना परचम लहराया है । भारतवर्ष की वर्तमान सरकार ने आयात पर अपनी आत्मनिर्भरता को कम करना शुरू कर रखा है । हमारे सॉफ्टवेयर इंजीनियर इस संदर्भ में अधिक से अधिक निर्यात कर हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहेगा। आज आपका पूरा समय परिवार वालों के साथ बीतेगा। घर के कामों में आज जीवनसाथी का सहयोग करेंगे। साथ ही बच्चों के करियर के लिए उनके गुरु से परामर्श लेंगे। इस राशि के जो लोग धर्म-कर्म के काम से जुडे हैं, उन्हें आज किसी बड़े समारोह में जाने का मौका मिल सकता है। वहां लोग आपका सम्मान करेंगे। आज आपको संभलकर अपनी बात जीवनसाथी के सामने रखने की जरूरत है। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

वृष राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। इस समय बेहतर यही होगा कि आप जिनके साथ रहते हैं उनके साथ विवादों में पड़ने की बजाय विवादों से दूर ही रहें। इस राशि के बिजनेस करने वाले आज एक ऐसी परियोजना के भागीदार बन सकते है, जिससे आपके करियर की दिशा बदलेगी। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के साथ आज आप कहीं घूमने जायेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। आज आपको पिछले कुछ समय से अपने करियर और निजी जीवन संबंधी किए गए प्रयासों का फल मिलने का समय है। आज आपको कोई बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। हो सकता है कि घर पर छोटी-सी पार्टी भी करें। इस राशि के जो लोग आर्किटेक्ट के क्षेत्र से जुड़े हैं, आज उन्हें अचानक धन लाभ होगा7 लवमेट के साथ मूवी देखने जा सकते है। ऑफिस के काम से किसी यात्रा पर जा सकते हैं।

कर्क राशि-आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपका झुकाव कुछ हद तक अध्यात्म की ओर रहेगा। आज आपका मन साहित्यिक चीज़ों को पढ़ने में लगेगा, जिससे आपको अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिये कुछ नये विचार आ सकते हैं। इस राशि के स्टूडेंट्स आज अपनी पढ़ाई की योजना में बदलाव कर सकते है। आज अपने जीवनसाथी के लिए सरप्राईज पार्टी प्लान कर सकते है। जिससे आपके रिश्ते में और मधुरता आएगी। छात्र आज किसी विषय पर शोध करेंगे, जिसमे शिक्षकों का भी सहयोग मिलेगा।

सिंह राशि-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आपके लिये परिवार और करियर के बीच संतुलन बनाना काफी आसान होगा। साथ ही आज घर पर आप किसी की असमंजस की भावना को दूर करेंगे। इस राशि के जो लोग एक नये बिजनेस की शुरुआत करना चाहते है उनके लिए आज का दिन शुभ है। आपके द्वारा बढ़ाया गया एक कदम आपके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगा। जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर घूमने का प्लान बन सकता है।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। आज आप जो काम भी हाथ में लेंगे उसे पूरे मन से करेंगे। जिससे आपको सफलता हासिल होगी। साथ ही निराशा की भावनाजो कुछ दिनों से आपके अंदर भरी हुई थी, आज वो गायब हो जाएगी। इस राशि के जो लोग स्टील के बर्तन का बिजनेस करते है, आज उन्हें धनलाभ होने के आसार है, जिससे आपका पूरा दिन खुशनुमा रहेगा। इस राशि के
नवविवाहित आज कुछ समय के लिए बाहर जाएं। साथ ही अपने जीवनसाथी की बातों को समझने की कोशिश करेंगे। इससे आपका रिश्ता मजबूत होगा।

तुला राशि-आज आपके मन में नए-नए विचार आऐंगे। अगर आप किसी काम की तैयारी बहुत पहले से सोच कर बैठे है, तो आज उस योजना की शुरुवात कर सकते हैं। साथ ही परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा है। पढ़ाई में मन लगेगा, साथ ही टाईम टेबल में बदलाव कर सकते हैं। आज आप अपने व्यवहार में बदलाव लाएंगे, जिससे जीवनसाथी बहुत प्रसन्न होंगे। आज ऑफिस में आपके ड्रेस की तारीफ होगी। सहकर्मियों से ताल-मेल बना कर रखे कार्यों को पूरा करने में आसानी रहेगी।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। आज बिजनेस पार्टनर के साथ जरुरी मीटिंग करने के बाद रात को डिनर के लिए किसी अच्छे रेस्टोरेंट में जा सकते है, इससे आपके बिजनेस को फायदा होगा। किसी पुरानी बात को लेकर आज आप उलझन में रहने वाले है। आज किसी महत्वपूर्ण काम में अपने किसी मित्र का सहारा ले सकते है। ऑफिस के कामों में आज आपके सामने कई चुनौतियां भी आएगी। जीवनसाथी आज आपको किसी धार्मिक स्थल पर लेकर जायेंगे।

धनु राशि- आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। इस राशि के सरकारी एग्जाम की तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स को आज जॉब के कुछ अच्छे ऑफर मिल सकते हैं। जहां जरुरत लगे, वहां समझौता करने के लिए तैयार रहें। घर के कार्यों को निपटाने के लिहाज से दिन अच्छा है। पारिवारिक जीवन में खुशियां बनी रहेंगी। साथ ही पारिवारिक परेशानियां आज खुद-ब-खुद दूर हो जाएगी। छात्रों का मन आज पढ़ाई से हट सकता है। अच्छा होगा आलस्य छोड़कर पढ़ाई में मन लगाएं।

मकर राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आर्थिक स्थिति सामान्य बनी रहेगी। आज सामने आयी चुनौतियों को आसानी से निपटा लेंगे। आज आपके अच्छे व्यवहार से लोग खुश रहेंगे। साथ ही आज आप किसी अपनों की मदद कर सकते है। आज आपको अपनी पिछली किसी बड़ी गलती का अहसास होगा साथ ही इससे सबक लेकर आप आज इन गलतियों को करने से बचेंगे। आज किसी अजनबी पर भरोसा न करें। इस राशि वाले छात्रों को आज अपनी पढ़ाई में कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। अगर आज किसी इंटरव्यू में जाने वाले है तो उसमें सफलता मिलेगी।

कुम्भ राशि- आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज परिवार के किसी सदस्य को बड़ी सफलता प्राप्त होगी। घर पर पार्टी भी करेंगे। इस राशि के लोगों को आज ऑफिस में अपनी कड़ी मेहनत के कारण पदोन्नति मिलेगी। आज आप फिजूल खर्च से बचें। आज आप अपनी किसी मीठी यादों को याद करके आनन्द की अनुभूति करेंगे। इस राशि के लोगों को आज व्यापार में अच्छा लाभ होगा। लवमेट्स एक दूसरे का सम्मान करेंगे, रिश्ते में मधुरता बनी रहेंगी। छात्र आज अपने प्रोजेक्ट को पूरा करने में लगे रहेंगे।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज आप अपना ज्यादा से ज्यादा समय परिवारजनों के साथ बिताएंगे, साथ ही आप सभी के साथ कहीं पिकनिक पर जाने का प्लान बना सकते हैं। इस राशि वाले लोगों को आज उनकी मेहनत का अच्छा फल मिलने वाला है। आज आपका दिन ऑफिस कार्यों के प्रति अनुकूल रहेगा, साथ ही सीनियर्स आपकी बात को गंभीरता से लेंगे। ऑफिस में प्रमोशन भी हो सकता है। आज आपके जीवन में कई दिनों चली आ रही पैसों की दिक़्कतें खत्म होने वाली है।

व्यंग्य

# भागो-भागो नेता आ रहे हैं...

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

जलते हैं तो जलने दो दिल ही तो है झोपड़ी थोड़ी न है। चुनाव के दिनों में दिल से ज्यादा घांस फूस की झोपड़ी मायने रखती है। दिल के टूट जाने पर उसे फिर से जोड़ा जा सकता है लेकिन झोपड़ी के जल जाने पर नेता किसके घर जाकर रोटी के टुकड़े तोड़ेंगे। झोपड़ियाँ होती ही हैं ऐसे दिनों के लिए। चुनावी दिनों में झोपड़ियों में गरीबों के घर पर भोजन करना पंच सितारा होटल से भी ज्यादा सुखद होता है। पंच सितारा होटल में पेट को स्वादिष्ट भोजन मिले न मिले गरीबों के घर में खाने के साथ-साथ वोट भी मिलते हैं। साढ़े चार साल तक पेट पर लात खाने वाले अचानक से अगले दिन भगवान हो जाते हैं। गरीबों के चरणों में नेताओं को सत्ता का ब्रह्मांड दिखाई देने लगता। उनके चरणों में खुद को नतमस्तक कर देते हैं। बित्ते भर की जबान सैकड़ों मीटर। की हो जाती है। शरीर में गरीब को पहचानने के सेंसर उग आते हैं। इसी सेंसर से गरीबों के नेटवर्क को छूने और उनके तलवे चाटना इन दिनों अपने चरम होता है। द्वापर के श्री कृष्ण कलियुगी नेता की तुलना में बड़े ही फिसड्डी थे। कोई भला गरीब को अपने घर बुलाकर अपना राजमहल थोड़े न गंदा करता है। ऊपर से बिन मांगे मांगों की पूर्ति करने की चुहल अलग। आज के नेता असंख्य श्रीकृष्ण को चुनावी स्टंट में वोटो का फंडा सिखाने का माद्दा रखते हैं। चुनाव तो सरकारी कामकाज के बोंसाई को महावृक्ष बताने का दूसरा नाम है। साढ़े चार साल तक न दिखाई देने वाले गरीब अचानक से कुकुरमुतो से उग आते हैं। गूगल तो वही खोज सकता है, जो है। नेता तो वो भी खोज निकालते हैं, जो नहीं है। गरीबों की जियो टैगिंग केवल नेता ही कर सकते हैं। साढ़े चार साल नेताओं की नौटंकी चुनावी दिनों में ऑस्कर जिताऊ अभिनय को मात देती है। महाप्रभु विष्णु ने बेकार के अधर्म नाश के लिए दशावतार धारण किया था, चुनावी नेता तो असंख्य अवतारों की झड़ी लगाकर पावन माधुशाला की धारा बहा देते हैं। रुपए पैसों के कल्पवृक्ष उगा देते हैं। चुनावी समय में नेताओं से ज्यादा पवित्र प्राणी पूरी दुनिया में कोई और हो ही नहीं सकता। जहाँ आप और मैं दिन-रात इस जुगाड़ में लगे हैं कि जैसे-तैसे कुछ खाने-पीने को मिल जाए, वहीं नेता जनता की सेवा के लिए मरे जा रहे हैं। उनके सिर सेवा का ऐसा जुनून सवार होता कि वे किसी भी हद तक जा सकते हैं। आधुनिक युग में चुनावी वैतरणी पार करने का एक ही श्लोक है - 'गरीबों की सेवा खूब पाओ मेवा'। जो कोई भी सोते उठते इसका जी और कमर तोड़ उच्चारण करता है वह नेता जी को उच्च स्तर तक ले जाता है। कुर्सी पर कुर्सियापा करवाता है। लोकतंत्र में मौज करने के लिए प्रातःकाल, मध्याह्नकाल और तथा सांध्यकाल समय किसी भी गरीब की झोपड़ी के दर्शन अवश?य करना चाहिए। ऐसा करने से नेताओं के साढ़े चार साल वाले सारे पाप धुल जाते हैं। गरीब का गुणगान करने वाला रंगा सियार नेता लोकतंत्र में सबसे प्रिय होता है। झोपड़ियों में रहने वाले ही समस्त नेताई खोपड़ियों के आधार हैं।

# कहीं आप भी इस तरीके से तो नहीं खाते हैं सेब?

सेब वैसे तो हर मौसम में मिल जाती है लेकिन सर्दियों में बेहद अच्छे-अच्छे सेब दिखाई देते हैं. सेब ढेर सारी पोषक तत्वों से भरपूर होता है. जिसमें ड्राइट्री फाइबर, पोटैशियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, विटामिन सी, बी 6, विटामिन ई, विटामिन के, प्रोटीन, कार्ब्स और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि सेब भी काफी ज्यादा एसिडिक होता है. इसमें पीएच लेवल 3 और 3.5 तक हो सकता है. वैसे तो यह नींबू के मुकाबले कम एसिडिक होता है. लेकिन इसके बावजूद सेब को आप सब तरह डाइट के साथ नहीं खा सकते हैं. डाइटिशियन की मानें तो आप सेब खाते समय अक्सर कुछ खास गलतियां कर बैठते हैं जो आपको नहीं करनी चाहिए. सेब खाते समय इन बातों का खास ध्यान रखें.

**सेब खाने का सही वक्त क्या होता है?**-जिन लोगों को गैस और अपच यानि पेट संबंधी परेशानी है तो उन्हें खाली पेट सेब खाने से बचना चाहिए. खाना खाने के 2 घंटे ही सेब खाना चहिए.

**डेयरी प्रोडक्ट के साथ सेब बिल्कुल न खाएं**-कुछ लोग डेयरी प्रोडक्ट के साथ सेब खा लेते हैं. जैसे दूध, दही, चीज, बटर के साथ सेब खा लेते हैं. लेकिन ऐसा करने से बचना चाहिए. क्योंकि सेब में साइट्रिक एसिड होता है जो दूध वाली चीजों के साथ मिलकर रिएक्शन कर सकता है. जिसके कारण इसे पचने में दिक्कत हो सकती है. बाजारों में मिलने वाले एप्पल शेक इसलिए नहीं पीना चाहिए क्योंकि वो दूध में मिलाकर बनाए जाते हैं. जिसका असर आंत पर भी होता है. दूध के साथ सेब खाने से इसका असर स्किन संबंधी परेशानी भी बढ़ा सकती है. स्किन संबंधी डिसऑर्डर, सोरायसिस, एक्जिमा आदि.

**काटने के बाद सेब को ज्यादा देर न रखें** -आपने अक्सर देखा होगा कि सेब, केला, आलू, नाशपाती में पॉलीफेनॉल ऑक्सीडेज एंजाइम होते हैं. जो काटने के बाद उसके एंजाइम हवा के संपर्क में आते हैं तो आयरन से भरपूर फिनोल के साथ रिएक्ट करता है. इसके कारण काटने के बाद वह पीला और काला हो जाता है.

**सेब खाते समय किन बातों पर दें ध्यान**-खाते वक्त सेब को छीलकर खाना चाहिए. क्योंकि उसमें मौजूद जो वैक्स या कैमिकल्स होते हैं उनसे आप बच सकते हैं. अगर आप अपने बच्चे को लंच बॉक्स में सेब दे रहे हैं.

चर्चित मुद्दा

किशन सनमुखदास भावनानी

# शादी के बाद पत्नी छोड़कर भागने वाले एनआरआई ओसीआई दूल्हों पर अब बिजली गिरेगी



वैश्विक स्तरपर नारी को सबसे अधिक सम्मान और पूज्यनीय के स्थान का दर्जा भारत को आदि अनादि काल से मिला हुआ है। यहां नारी को मां काली मां लक्ष्मी मां दुर्गा मां सरस्वती सहित अनेक देवी शक्तियों के स्थान प्राप्त हैं। परंतु फिर भी हम देखते हैं कि नारी अत्याचार के केस शादी धोखाधड़ी, रेप,अन्याय के केस बढ़ते जा रहे हैं। हाल ही में पश्चिम बंगाल में संदेशखाली महिला यौन उत्पीड़न का मामला पूरे देश में गूंज रहा है। अनेक आंदोलन हो रहे हैं सभी पार्टियां अपने-अपने ढंग से प्रोटेस्ट कर रही है। वहीं हम लंबे अरसे से देख रहे हैं कि भारत की बेटियों के साथ एनआरआई ओसीआई द्वारा खूब ख्याली ख्वाब दिखाकर शादी की जाती है, फिर उन्हें या तो विदेश ले जाकर कुछ महीने बाद छोड़ दिया जाता है या फिर विदेश नहीं ले जाकर वहां ले जाने के ख्वाब दिखाकर रफू चक्कर हो जाने के मामले हम प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में अक्सर देखते रहते हैं, जिसपर सरकार ने संज्ञान लेकर लॉ कमीशन को रिपोर्ट के लिए सेवा नृत्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई थी, अब लॉ कमीशन ने आज दिनांक 16 फरवरी 2024 को देर शाम केंद्रीय कानून मंत्री को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। अब आने वाले समय में हम देखेंगे कि एनआरआई और ओसीआई द्वारा भारतीय बेटियों के साथ वैवाहिक धोखाधड़ी रोकने कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ हुई है अब शादी के बाद पत्नी छोड़कर जाने वाले एनआरआई दुल्हनों पर सख्त गाज गिरेगी। चूंकि लॉ कमीशन ने अब कानून मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारतीय दुल्हनों को छोड़कर भागने वाले एनआरआई ओसीआई दूल्हों की अब खैर नहीं, लॉ कमीशन ने रिपोर्ट सौंप दी है, इसलिए अब भारतीय बेटियों से वैवाहिक धोखाधड़ी करने वाले एनआरआई और ओसीआई को भारतीय कानून के सख्त दायरे में लाना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम लॉ कमीशन द्वारा कानून मंत्रालय को दिनांक 16 फरवरी 2024 को देर शाम सौंपी रिपोर्ट की करें तो, विधि आयोग के अध्यक्ष जस्टिस (सेवानिवृत्त) ने विधि मंत्रालय को अनिवासी भारतीयों और भारत के प्रवासी नागरिकों से संबंधित वैवाहिक मुद्दों पर कानून नामक रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट के अनुसार, आयोग की राय है कि प्रस्तावित केंद्रीय कानून अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) और भारतीय मूल के प्रवासी विदेशी नागरिकों (ओसीआई) के भारतीय नागरिकों के साथ विवाह से जुड़े सभी पहलुओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त रूप से व्यापक होना चाहिए। विधि आयोग का कहना है कि नॉन रेजिडेंस इंडियन और भारतीय नागरिकों के बीच सभी शादियों को अनिवार्य रूप से भारत में रजिस्टर्ड किया जाना चाहिए। कानून और न्याय मंत्रालय को सौंपी गई एक रिपोर्ट में लॉ कमीशन ने सिफारिश की है कि झूठे आश्वासन, गलत बयानी और शादी के बाद छोड़ देने जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कदम बेहद जरूरी है। हालही में कई ऐसे मामले सामने आए हैं जहां, उनके पतियों द्वारा उन्हें छोड़ दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है एनआरआई द्वारा भारतीय पार्टनर्स से शादी करने के मामलों में धोखाधड़ी वाली शादियों की घटनाएं बढ़ रही हैं, जो चिंता का विषय है। कई रिपोर्ट्स इस बढ़ते पैटर्न को उजागर करती हैं जहां ये शादियां धोखा साबित हुई हैं, जिससे भारतीय पार्टनर, विशेषकर महिलाओं को मुश्किल परिस्थितियों में डाल दिया जाता है।आगे यह सिफारिश की गई है कि एनआरआई/ओसीआई और भारतीय नागरिकों के बीच सभी शादियों को भारत में अनिवार्य रूप से पंजीकृत किया जाना चाहिए। पैनल ने सिफारिश की है कि नए कानून में तलाक, जीवनसाथी के भरण-पोषण, बच्चों की कस्टडी और भरण-पोषण और एनआरआई और ओसीआई पर समन, वारंट या न्यायिक दस्तावेजों की तामील के प्रावधान भी शामिल होने चाहिए। कानून में बदलाव की सिफारिशइसमें कहा गया है कि वैवाहिक स्थिति की घोषणा, एकपति-पत्नी के पासपोर्ट को दूसरे के साथ जोड़ना और दोनों पति-पत्नी के पासपोर्ट पर मैरिज रजिस्ट्रेशन नंबर का उल्लेख करना अनिवार्य करने के लिए पासपोर्ट एक्ट 1967 में आवश्यक संशोधन किए जाने की आवश्यकता है। जस्टिस (सेवानिवृत्त) ने कानून मंत्री को लिखे अपने कवरिंग लेटर में कहा, अनिवासी भारतीयों(एनआरआई) और भारतीय नागरिकों के बीच शादी के मामलों में बढ़ती धोखाधड़ी चिंताजनक है। रिपोर्ट इस बढ़ती प्रवृत्ति को उजागर करती हैं जहां ये शादियां धोखाधड़ी साबित होती हैं, जिससे भारतीय पति-पत्नियों, विशेषकर महिलाओं को अनिश्चित परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। आयोग ने कहा कि इस तरह का कानून न सिर्फ एनआरआई, बल्कि भारतीय मूल के प्रवासी विदेशी नागरिकों (ओसीआई) के दर्जे के साथ आने वाले लोगों पर भी लागू होना चाहिए। जस्टिस अवस्थी ने कहा, यह भी सिफारिश की जाती है कि एनआरआई/ओसीआई और भारतीय नागरिकों के बीच सभी विवाहों को भारत में अनिवार्य रूप से पंजीकृत किया जाना चाहिए।

साथियों बात अगर हम लॉ कमीशन द्वारा सुझाए गए बिंदुओं की करें तो, जस्टिस (सेवानिवृत्त) ने कहा कि, यह अनुशंसा की जाती है कि वैवाहिक स्थिति की घोषणा, पति-पत्नी के पासपोर्ट को एक-दूसरे के साथ जोड़ना और दोनों के पासपोर्ट पर विवाह पंजीकरण संख्या का उल्लेख करना अनिवार्य करने के लिए पासपोर्ट अधिनियम, 1967 में अपेक्षित संशोधन किए जाने की आवश्यकता है।आयोग ने याद दिलाया कि इस तरह की स्थिति से निपटने के लिए अनिवासी भारतीय विवाह पंजीकरण विधेयक, 2019 को 11 फरवरी, 2019 को राज्यसभा में पेश किया गया था।शुरू में, 16वीं (पिछली) लोकसभा ने विधेयक को विदेश मामलों की समिति को भेजा था। इसके बाद, 17वीं (वर्तमान) लोकसभा के गठन के बाद उसी विधेयक को आगे की पड़ताल के लिए फिर से विदेश मामलों की समिति के पास भेज दिया गया था। विचार-विमर्श जारी रहने के बीच विधि आयोग को विदेश मंत्रालय सेएनआरआई विधेयक, 2019 पर एक संदर्भ प्राप्त हुआ, जो गत अप्रैल में विधि मंत्रालय के माध्यम से मिला। एनआरआई के साथ-साथ भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों के विवाह से जुड़े सभी पहलुओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। पैनल ने कहा कि ऐसा कानून न केवल एनआरआई पर बल्कि उन व्यक्तियों पर भी लागू किया जाना चाहिए जो नागरिकताअधिनियम, 1955 में निर्धारित भारत के प्रवासी नागरिक (ओसीआई) की परिभाषा के अंतर्गत आते हैं। पैनल के अध्यक्ष ऋतुराज अवस्थी ने कहा कि व्यापक कानून में तलाक, जीवनसाथी के भरण-पोषण, बच्चों की भविष्य की रक्षा और भरण पोषण, एनआरआई और ओसीआई पर समन, वारंट या न्यायिक दस्तावेजों की आज्ञा के प्रावधान भी शामिल होने चाहिए। 16वीं लोकसभा ने विधेयक को विदेश मामलों की समिति को भेजा था। इसके बाद, 17वीं लोकसभा के गठन के बाद उसी विधेयक को आगे की जांच के लिए फिर से विदेश मामलों की समिति के पास भेजा गया था।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि शादी के बाद पत्नी छोड़कर भागने वाले एनआरआई ओसीआई दूल्हों पर अब सख्त गाज़ करेगी।भारतीय दुल्हनों को छोड़कर भागने वाले एनआरआई ओसीआई दूल्हे की अब खैर नहीं- लॉ कमीशन ने की रिपोर्ट सौंपी।भारत की बेटियों से वैवाहिक धोखाधड़ी करने वाले एनआरआई और ओसीआई को भारतीय कानूनों के सख्त दायरे में लाना समय की मांग है।

## एक नजर

### अग्निवीर भर्ती फार्म भरने के लिए खण्ड स्रोत समन्वयक कार्यालयों को बनाया गया सेंटर

**उत्तर बस्तर कांकेर, 17 फरवरी।** अग्निवीर भर्ती के लिए जिले के इच्छुक उम्मीदवारों से 22 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार इसके लिए अधिक से अधिक युवाओं से फार्म भरवाने के लिए जिले के अंतागढ़, चारामा, नरहरपुर, दुर्गूकोंदल, कांकेर कोयलीबेड़ा और भानुप्रतापपुर विकासखण्ड मुख्यालय के कार्यालय खण्ड स्त्रोत समन्वयकों में सेंटर बनाया गया है। उक्त सेंटरों में अग्निवीर भर्ती के लिए युवाओं का फार्म भरने आवश्यक सहयोग करने के लिए अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत् द्वितीय चरण का शिविर 21 फरवरी को

**उत्तर बस्तर कांकेर, 17 फरवरी।** शासन के निर्देशानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा का द्वितीय चरण शिविर का आयोजन 21 फरवरी को प्रातः 09 बजे से दोपहर 01 बजे तक नया बस स्टैण्ड के समीप निर्माणाधीन डोम स्थल एवं दोपहर 02 बजे से संध्या 06 बजे तक जवाहर वार्ड स्थित वन्दे मातरम स्थल में शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य नगरपालिका अधिकारी कांकेर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का द्वितीय चरण शिविर में विभिन्न जनहित से संबंधित योजनाओं का स्टॉल लगाया जाएगा, जिसमें संबंधित विभाग द्वारा जनहित योजनाओं की जानकारी के साथ शिविर में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 14 मार्च तक ऑनलाईन पंजीयन

**जगदलपुर 17 फरवरी।** शैक्षणिक सत्र 2023-24 में छत्तीसगढ़ राज्य एवं राज्य के बाहर अध्ययनरत् छत्तीसगढ़ निवासी जो शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं पोलीटेक्निक आदि के प्राचार्य एवं संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी और उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही ीजजचरूध्ध्चवेजउंजतपब.बीवसंतेीपचण्बहण्दपबण्पद्ध वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु नवीन एवं नवीनीकरण सम्बन्धी ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 मार्च 2024 है।

# कलेक्टर ने वनांचल भ्रमण में देखी शिक्षा-स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था

## मनकापाल एवं एटापाल में स्वास्थ्य केन्द्र, स्कूल सहित उचित मूल्य दुकान का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 17 फरवरी।** कलेक्टर श्री हरिस.एस ने बीते दिन जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र मनकापाल और एटापाल का भ्रमण कर शिक्षा-स्वास्थ्य तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था देखी। इस दौरान उन्होंने मनकापाल स्वास्थ्य केंद्र, उचित मूल्य दुकान, आगनवाड़ी केंद, धान खरीदी केंद्र मनकापाल सहित प्राथमिक शाला एटापाल का निरीक्षण किया। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत श्री लक्ष्मण तिवारी, जिला खाद्य अधिकारी श्री जयवर्धन ठाकुर, पीडब्ल्यूडी ईई श्री धनंजय मरकाम और अन्य उपस्थित थे। कलेक्टर श्री हरीस ने धान खरीदी केंद्र मनकापाल का निरीक्षण कर खरीदे गए धान का अब तक उठाव के सम्बंध में जानकारी ली और शीघ्र धान उठाव हेतु संबन्धित मिलर्स को निर्देशित करने को कहा। साथ ही मनकापाल में संचालित आश्रित ग्राम पोरदेम के शासकीय उचित मूल्य दुकान का औचक निरीक्षण कर खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी सामग्रियों के भण्डारण और वितरण सम्बन्धी जानकारी ली तथा राशन कार्डधारी परिवारों को हर माह निर्धारित खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर श्री हरिस.एस ने मनकापाल और एल्मागुण्डा के मध्य स्थित नाला का निरीक्षण कर अधिकारियों को उक्त नाले में पुल निर्माण हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक शाला एटापाल का भी निरीक्षण कर बच्चों की उपस्थिति,पढ़ाई और मध्यान्ह भोजन के सम्बंध में जानकारी ली तथा बच्चों को तय मेन्यू अनुसार मध्यान्ह भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

**लोगों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश**

कलेक्टर श्री हरिस ने मनकापाल में स्थित स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण के दौरान उक्त स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान पंजीयन की अद्यतन जानकारी ली और कहा कि लोगों को स्वास्थय सुविधा से लाभान्वित करने स्थानीय ग्रामीणों का केंद्र में शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केंद्र में नियमित रूप से होने वाले ओपीडी में ग्रामीणों के स्वास्थ्य जांच एवं उपचार सहित मलेरिया, टीबी, एनीमिया इत्यादि जांच के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ स्वास्थ्य कार्यकर्ता की उपस्थिति के संबंध में भी ग्रामीणों से जानकारी ली। वहीं ग्रामीणों को आयुष्मान भारत के तहत पंजीयन करवाने की समझाइश दी।

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स समन्वय समिति की हुई बैठक

**जगदलपुर 17 फरवरी।** जिले में नशामुक्ति के संबंध में चलाये जा रहे अभियान के तहत मादक द्रव्य एवं मनःप्रभावी पदार्थों के अनाधिकृत व्यवसायियों पर व्यापक एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. द्वारा गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स समन्वय समिति एवं एक युद्ध नशे के विरुद्ध की मासिक बैठक जिला कार्यालय स्थित एडीएम कार्यालय कक्ष में अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री महेश्वर नाग, समाज कल्याण विभाग से श्रीमती सुचिता लकड़ा, स्वास्थ्य विभाग से डॉ.ऋषभ साद एवं श्री पीएस साहू, खाद्य व औषधि विभाग से एडीसी श्री हेमन्त श्रीवास्तव एवं औषधि निरीक्षक श्री विनय ठाकुर, आबकारी विभाग से श्री मनोज यादव, इंटिलिजेंस ब्यूरो से श्री अक्षय चैहान, वन विभाग से श्री एसपी बंजारे, उद्योग विभाग से श्रीमती धनलक्ष्मी वैद्य, शिक्षा विभाग से श्री राकेश खापर्डे, महिला एवं बाल विकास विभाग से डॉ.विजयशंकर शर्मा तथा नगर पालिक निगम से श्री हेमन्त श्रीवास उपस्थित रहे।

# 1 लाख के इनामी सहित 4 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 17 फरवरी।** जिला सुकमा में श्री सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.) श्री कमलोचन कश्यप, उप पुलिस महानिरीक्षक रेंज दंतेवाड़ा, श्री अरविंद राय, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ सुकमा रेंज, श्री सुमीत कुमार राय, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ कोंटा रेंज के मार्ग दर्शन एवं श्री किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक सुकमा, श्री हिमांशु पाण्डे, कमाण्डेन्ट 74 वाहिनी सीआरपीएफ, श्री नीतिन कुमार, कमाण्डेन्ट 219 वाहिनी सीआरपीएफ, श्री नवीन कुमार, कमाण्डेन्ट 223 वाहिनी सीआरपीएफ के निर्देशन तथा श्री निशांत वैष्णव, द्वितीय कमान अधिकारी, 74 वाहिनी सीआरपीएफ, श्री नीरज कुमार सिंह, श्री सूर्यकांत सिंह, द्वेय द्वितीय कमान अधिकारी, 219 वाहिनी सीआरपीएफ, श्री आकाश मरकाम, अति. पुलिस अधीक्षक सुकमा, श्री गौरव मण्डल, अति. पुलिस अधीक्षक कोण्टा के पर्यवेक्षण में छत्तीसगढ शासन की ÷छत्तीसगढ नक्सलवाद उन्मूलन नीति÷ के तहत एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ÷पूना नर्कोम अभियान÷ नई सुबह-नई शुरुआत से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा किये जाने वाले भेदभाव, स्थानीय आदिवासियों के साथ होने वाली निर्मम हिंसा व भयावह आतंकित वातावरण से त्रस्त होकर नक्सली संगठन में सक्रिय 04 नकसलियों क्रमशः 01. माड़वी हिंगा पिता देवा (कामाराम आपीसी अंतर्गत सीएनएम अध्यक्ष ईनामी 01 लाख छ.ग. शासन द्वारा) उम्र 35 वर्ष निवासी गोलागुड़ा पटेलपारा थाना जगरगुण्डा, 02 माड़वी देवा पिता माड़वी तुला (तुमालपाड़ आरपीसी अंतर्गत मिलिशिया सदस्य) उम्र 25 वर्ष निर्वाी तुमालपाड़ थाना चिंतागुफा, 03. माड़वी कुमार पिता भुसनाम (तुमालपाड़ आरपीसी अंतर्गत मिलिशिया सदस्य) निवासी तुमालपाड़ थाना चिंतागुफा, 04. माड़वी दिवा पिता स्व. माड़वी नंदा (कोराजूगुड़ा आरपीसी सदस्य अंतर्गत मिलिशिया सदस्य) उम्र 45 वर्ष निवासी मैलासूर थाना भेजी के द्वारा आज दिनांक 12.02.2024 को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में श्री उत्तम प्रताप सिंह, उप पुलिस अधीक्षक बस्तर फाईटर्स सुकमा, श्री रवि मीणा, सहायक कमाण्डेन्ट 74 वाहिनी सीआरपीएफ एवं निरीक्षक श्री सचिन कुमार, 219 वाहिनी सीआरपीएफ के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया। नक्सली माड़वी देवा व माड़वी कुमार को समर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में 74 वाहिनी सीआरपीएफ की आसूचना शाखा तथा माड़वी देवा पिता स्व. नन्दा को प्रोत्साहित कराने में आरएफटी कोंटा एवं 219 वाहिनी सीआरपीएफ की आसूचना शाखा तथा माड़वी हिंगा को समर्पण कराने हेतु 223 वाहिनी आसूचना शाखा का विशेष प्रयास रहा। सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधाएँ प्रदाय किये जायेंगे।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने कृषि विभाग की योजनाओं की धीमी गति पर जताई नाराजगी



**उत्तर बस्तर कांकेर, 17 फरवरी।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कृषि विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न योजना के तहत ब्लॉकवार कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और लंबित प्रकरणों को शीघ्र पूर्ण करने संबंधित ब्लाक के अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने लक्ष्य के विरूद्ध काफी कम प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए 200 से अधिक लंबित प्रकरण वाले ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में कहा कि शासन द्वारा किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, इनमें से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एक महत्वपूर्ण योजना है, इन योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले के किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के बारे में जानकारी दें और योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें, ताकि जरूरतमंद किसान अपने खेतों की मिट्टी की जांच के बाद अच्छी फसल प्राप्त कर सके। इसके अलावा कलेक्टर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड सहित अन्य विभागीय योजनाओं के तहत कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों के बैठक के पश्चात् समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जिला स्तर के सभी विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में विभागवार प्राप्त आवेदनों की संख्या और उनके निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने लंबित आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में अधिकारियों से कहा कि शासकीय योजनाओं के शत-प्रतिशत सैचुरेशन के उद्देश्य से जिले के विभिन्न गांवों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में प्राप्त आवेदनों का लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण पूर्ण गुणवत्ता व पारदर्शिता के साथ निर्धारित अवधि में करें। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही शासकीय योजनाओं का लाभ उठाने से वंचित नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर बैठक में एडीएम श्री एस. अहिरवार, जिला पंचायत सीईओ श्री सुमित अग्रवाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### ओरछा मार्ग के चार धान खरीदी केंद्रों से उठाव नहीं होने से प्रभारी परेशान



**नारायणपुर 17 फरवरी।** नारायणपुर जिले के ओरछा मार्ग के चार धान खरीदी केंद्रों छोटेडोंगर , धौड़ाई , ओरछा और झारा से धान का उठाव नही होने से केंद्र प्रभारी परेशान है और अपनी परेशानी का ज्ञापन सौंपने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे । लालू कोर्राम धान केंद्र प्रभारी का कहना है कि 1 नवंबर से 4 फरवरी तक धान की खरीदी की गई जिसमे 77 हजार 816 क्विंटल धान खरीदा गया और उठाव महज 33 हजार 342 क्विंटल ही हुआ है । धान खरीदी केंद्रों में खुले आसमान के नीचे 44 हजार 474 क्विंटल पड़ा हुआ है , बारिश होने से धान खराब होने के साथ नमी सुख जाने से वजन कम होने से उसके नुकसान की भरपाई हम से कराई जाती है । बफर लिमिट से अधिक होने पर नियम के तहत 72 घंटे के अंदर उठाव होना चाहिए लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी उठाव नही हुआ है । पिछले वर्ष भी समिति को नुकसान उठाना पड़ा था इस बार भी लगता है उठाव नही होने से नुकसान उठाना पड़ेगा । नारायण नाग प्रभारी धान खरीदी केंद्र ने कहा कि छाटेडोंगर एरिया में कुल 77816.00 क्विंटल धान उपार्जन किया गया। जिसमें आज दिनांक तक कुल परिदान 3334200 क्वि धान किया गया है जो की खरीदी का 42 त्र है। अभी भी उपार्जन केन्द्रों में कुल 44474.00 क्वि. धान शेष है जबकि पान नीति के अनुसार बफर लिमिट से अधिक होने पर चान का उठाव 72 घण्टे के अन्दर किया जाना है। जिसका पालन नहीं किया जा कर धान उठाव आज पर्यन्त तक नहीं किया जा रहा है धान उर्पाजन केन्द्रों में खुले आसमान के निचे धूप मे सुख रहा है। आये दिन मौसम खराब होने से धान बारिस से खराब होने की चिंता हमेशा बनी रहती है। पूर्व में भी धान उठाव हेतु आपसे निवेदन किया गया था परन्तु आज दिनांक तक ज्ञ्व्ध्क्व् जारी नहीं किया गया न ही अन्तर जिला जोडा गया एवं बाकी उर्पाजन केन्द्रों का पूरा पूरा TO/Do जारी कर दिया गया जबकि छोटेडॉर एरिया से किसी भी उर्पाजन केन्द्र का TO/Do जारी नहीं किया गया जिसे धान उठाव नहीं होने से चूहा किट पतगों के द्वारा नुकसान पहुँचाया जा रहा है। जिसे धान के वजन में कमी सूखत की चिंता संस्था प्रबंधक एवं खरीदी प्रभारीयों की हो रही है। अतः महोदय जी से निवेदन है कि धान उठाव अन्तर जिला जोडकर TO/Do जारी कराने का कष्ट करें जिससे सुखत आदि से बचा जा सके ।

# एक इनामी नक्सली को गिरफ्तार करने में पुलिस को मिली सफलता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 17 फरवरी।** पुलिस महानिरीक्षक महोदय बस्तर रेंज जगदलपुर श्री सुन्दरराज पी. (भा.पु.से.), उप पुलिस महानिरीक्षक दन्तेवाड़ा रेंज श्री कमलोचन कश्यप (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक सुकमा श्री किरण चव्हाण (भा.पु.से.) के निर्देशन में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत् दिनांक 11.02.2024 को पोलमपल्ली नक्सली एल.ओ.एस. सदस्यों की ग्राम अरलमपल्ली व पालामड़गू के बीच जंगल में उपस्थिति की सूचना पर थाना दोरनापाल एवं पोलमपल्ली की संयुक्त टीम को नक्सलियों की घेराबंदी एवं धर-पकड़ हेतु अरलमपल्ली व पालामड़गू की ओर रवाना किया गया था। गश्त सचिंग के दौरान जैसे ही पुलिस पार्टी अरलमपल्ली के जंगल, पहाड़ के पास पहुंची, पुलिस पार्टी को देखकर जंगल में एकत्रित सादे वेश भुषा धारी नक्सली सदस्य भागने लगे जिस पर पुलिस पार्टी द्वारा घेरा बंदी कर एक संदिग्ध नक्सली सदस्य को पकड़ा गया जिससे पुछताछ करने पर संदिग्ध नक्सली द्वारा अपना नाम मड़कम माड़ा पिता स्व. मड़कम हुंगा निवासी पालामड़गू, सूरपनपारा, थाना पोलमपल्ली, जिला सुकमा का होना तथा विगत 8-9 वर्षों से जनताना सरकार उपाध्यक्ष के पद पर सक्रिय रूप से कार्य करना बताया। पकड़े गये आरोपी का रिकार्ड चेक करने पर थाना दोरनापाल एवं थाना पोलमपल्ली के कुल 07 लूट-पाट, हत्या, आगजनी जैसे गंभीर मामले पंजीबद्ध पाया गया, जिसमें मुख्य रूप से वर्ष 2021 में ग्राम पेन्टा में घर में घुसकर सहा0 आरक्षक वेट्टी भीमा की हत्या, ग्राम गोरगुण्डा में सड़क निमार्ण में लगे मजदूरो/सुपरवाईजर के साथ मारपीट कर रोड़ मुंशी की हत्या एवं वर्ष 2023 में ग्राम पालामड़गू में 03 खैजा व्यापारियों के साथ लूट-पाट कर मारपीट कर एक व्यापारी प्रदीप बघेल की हत्या शामिल है। माननीय न्यायालय द्वारा उक्त आरोपी के विरूद्ध स्थायी गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया गया है। आरोपी मड़कम माड़ा पिता स्व. मड़कम ढुंगा निवासी पालामड़गू सूरपनपारा, थाना पोलमपल्ली की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय सुकमा द्वारा 5,000/-रू. का ईनाम उद्घोषित किया गया है। उक्त आरोपी को दिनॉक 11.02.2024 को विधिवत् गिरफ्तार कर आज दिनॉक 12.02. 2024 को माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

# एनएमडीसी ने किया राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**हैदराबाद 17 फरवरी।** माइनिंग इंजीनियर्स एशोसियेशन ऑफ इंडिया, हैदराबाद चैप्टर भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी के सहयोग से 16-17 फरवरी, 2024 के दौरान हैदराबाद में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कर रहा है। उन्नत लौह अयस्क बेनीफिसिएशन और सुस्थिर निम्न ग्रेड लौह अयस्क उपयोग÷ विषय पर ज्ञान साझा करने के उद्देश्य से संगोष्ठी का आयोजन उद्योग के सतत विकास की दिशा में सार्थक प्रगति के लिए किया गया। शुक्रवार को इसके उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि श्री दिलीप कुमार मोहंती, निदेशक (उत्पादन) एनएमडीसी ने कहा कि ÷निम्न श्रेणी के लौह अयस्क का बेनीफिसिएशन और उपयोग इस मूल्यवान खनिज से प्राप्ति को अधिकतम करने में निर्णायक बदलाव ला रहा है। खनिज सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के निर्माण में बेनीफिसिएशन प्रौद्योगिकी में प्रगति और निम्न श्रेणी के लौह अयस्क का उपयोग महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। लौह और अयस्क आपूर्ति श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कड़ी होने के साथ वे उत्पादन एवं दक्षता बढ़ाने में भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और सुस्थिर भविष्य को मजबूती देते हैं। एमईएआई के अध्यक्ष श्री एस.एन. माथुर; टाटा स्टील के पूर्व कार्यकारी निदेशक श्री वी.एस. राव, एनएमडीसी के पूर्व सीएमडी (प्रभारी) श्री एस.के. अग्रवाल, एमईएआई पत्रिका के संपादक डॉ. पी.वी. राव तथा ईआरएम ग्रुप के सीओओ श्री धनंजय जी. रेड्डी कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह में खनन उद्योग के इन दिग्गजों ने प्रतिभागियों को संबोधित किया और उन्हें भारत के खनन और धातु विज्ञान परिदृश्य में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।



### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**सुकमा, 17 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर (छत्तीसगढ़ के निवासी) जो शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों , मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आई.टी.आई आदि में अध्यनरत विद्यार्थी जिनका संस्थानों में प्रवेश विलंब से हुआ है तथा जिन पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम विलंब से घोषित हुआ है ऐसे अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2023-24 छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक के पंजीयन स्वीकृत एवं वितरण की कार्यवाही की जा रही है। इच्छुक अभ्यार्थी पोस्टमैट्रिक स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन वेबसाइट पर शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते है। छत्तीसगढ़ राज्य में अध्यनरत विद्यार्थियों द्वारा 19 फरवरी से 14 मार्च 2024 तक, छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर अध्यनरत छत्तीसगढ़ के निवासी विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन 15 मार्च से 26 मार्च 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सुकमा से मिली जानकारी अनुसार आवेदन की ड्राफ्ट प्रोपोजल लॉक करने हेतु अंतिम तिथि 28 मार्च 2024 तक और सेक्शन ऑर्डर लॉक हेतु 30 मार्च 2024 निर्धारित की गई है। विस्तृत जानकारी हेतु आदिवासी विकास सुकमा कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

## चितालंका पंचायत क्षेत्र में पानी की हो रही बर्बादी, हर कोई मौन, जागरूकता की कमी

# पंचायत प्रतिनिधियों की लापरवाही से हजारों लीटर पानी बर्बाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 17 फरवरी।** कहते हैं ना कि जल ही जीवन है बगैर पानी के पृथ्वी पर किसी भी जीव का जिन्दा रहना नामुमकिन है। समझा जा सकता है कि हमारे जीवन में पानी का क्या महत्व है। उसके बावजूद भी अगर हजारों लीटर पानी हर रोज बर्बाद होते दिख रहा है तो दर्द होना लाजिमी है। जी हां हर रोज हजारों लीटर पानी की बर्बादी का नजारा देखना हो तो कहीं ज्यादा दूर जाने की जरूरत नहीं बल्कि जिला मुख्यालय से ही सटे ग्राम पंचायत चितालंका के पंचायत भवन के सामने लगे सोलर टंकी को जाकर देख सकते हैं। सोलर वाटर की भरी टंकी से हर वक्त पानी नीचे गिरता रहता है और सड़कों पर बहता ही रहता है। टंकी से पानी गिरना बंद हो जाए इसकी चिन्ता न तो पंचायत के जनप्रतिनिधियों को है ना ही वहां रहने वाले आम लोगों को इसकी चिंता है कि पानी की बर्बादी को कैसे रोका जाए। चितालंका पंचायत भवन के सामने ही लगे टंकी से जब हजारों लीटर पानी रोज सड़कों पर अनायास बह रहा है और इसे कोई रोक नहीं रहा तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि अंदरूनी ग्रामीण इलाकों में क्या नजारा होता होगा। यहां तो सब शहर के पढ़े लिखे समझदार लोग रहते हैं और उनके आंखों के सामने पानी की बर्बादी हो रही है और इसे कोई रोक टोक नहीं कर रहा तो भीतर के गांवों की तो कहना ही क्या। टंकी से बहता पानी देख इसकी शिकायत सामने बैठे पंचायत प्रतिनिधियों से की गई तब कहीं जाकर स्वीच ऑफ किया गया और जिसके कुछ समय पश्चात टंकी से पानी का गिरना बंद हुआ। पंचायत प्रतिनिधियों के केवल लापरवाही और गैरजिम्मेदाराना रवैया के चलते इस पंचायत में हर रोज सैकड़ों लीटर पानी व्यर्थ में सड़कों पर बह रहा था और न जाने कितने माह से यह स्थिति बनी हुई थी जो एक छोटी से पहल पर बंद की गई। अब सवाल यह कि क्या वहां रहने वाले अन्य लोग जो जागरूक भी है और शिक्षित भी क्या वे पानी की बर्बादी को नहीं रोक सकते थे? अवश्य रोक सकते थे मगर घुम फिरकर बात वहीं आती है कि हमें क्या? पंचायत की प्रापर्टी है पंचायत जाने? हमारे घर का पानी थोड़े ही बर्बाद हो रहा है? यह सोच आज के पढ़े लिखे समझदार व जागरूक लोगों की है जिसके वजह से इस धरती का लाखों लीटर पानी हर रोज बेकार में बह रहा है। पानी की अहमियत समझनी हो तो देश के बड़े शहरों समेत महाराष्ट, दिल्ली, मारवाड़, राजस्थान, तमिलनाडू समेत अन्य कई राज्यों की स्थिति को जाकर देखा समझा जा सकता है जहां एक बालटी पानी के लिए लोग कई कई किलोमीटर दूर सफर करते हैं पूरे दिन खराब करते हैं तब जाकर एक बालटी पानी उन्हें नसीब हो पाता है और यहां हजारों लीटर पानी सड़कों पर नालियों में बहाया जा रहा है और इसे कोई रोकने, टोकने, वाला नहीं। काफी गंभीर व ज्वलंत समस्या है पानी की बर्बादी इसे हर हार में रोकना होगा अन्यथा वो दिन ज्यादा दूर नहीं जब इंसान एक एक बूंद पानी के लिए तरसेगा और उसे पानी नसीब नहीं होगा।

## एक नजर

### चोरों ने दुपहिया वाहन के शोरूम से उड़ाये हजारो रूपये

**पत्थलगांव, 17 फरवरी।** अज्ञात चोरो ने गुरूवार की देर रात पालीडिह चौक मे स्थित जिंदल बजाज शोरूम को अपना निशाना बनाते हुये लगभग 50 हजार रूपये नगद पर हाथ साफकर दिया। चोरो की पूरी वारदात सी.सी.टी.वी कैमरे मे कैद तो हो गयी,परंतु अब तक चोरो की पहचान नही हो पायी है। इधर एक के बाद एक लगातार हो रही चोरी की घटनाओ से नागरिको मे भय के साथ-साथ असंतोष का वातावरण भी बन गया है। एक सप्ताह पूर्व ही कछार की पी.डी.एस दुकान से राशन की चोरी की गयी थी,जहा पुलिस ने अपने तरीके से खोजबीन कर चोरो का पता लगाने की कोशिश की थी,परंतु यह मामला सुलझ भी नही पाया था कि गुरूवार की देर रात अज्ञात चोरो ने एन.एच 43 पर स्थित दुपहिया वाहन के शोरूम को निशाना बनाते हुये वहा से नगदी उडा ले गये। शो रूम के संचालक खजांची जिंदल ने चोरी की शिकायत यहा के थाने मे दर्ज करायी है,उन्होने बताया कि अज्ञात चोरो ने शोरूम के पीछे की दिवार फांदकर अंदर प्रवेश किया था,शोरूम के काउंटर मे रखे पचास हजार रूपये चोरो ने पार कर दिये,जिसकी रिपोर्ट उन्होने यहा के थाने मे दर्ज करा दी है,इस घटना के बाद से आस-पास के क्षेत्र मे चोरो की दहशत कायम हो गयी है।।

### स्वाईल हेल्थ कार्ड के माध्यम से मिट्टी नमूना संग्रहण का किया गया कार्य

**रायगढ़, 17 फरवरी।** जिले में स्वाईल हेल्थ कार्ड फर्टिलिटि योजनान्तर्गत पटेलपाली मण्डी में स्थित मिट्टी परीक्षण कार्यालय को 9200 मिट्टी नमूना संग्रहण एवं विश्लेषण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसकी पूर्ति हेतु मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में दो पाली में कार्य सम्पादित किया जा रहा है, इस अंतर्गत स्वाईल हेल्थ कार्ड (एसएचसी) पोर्टल के माध्यम से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा आनलाइन मिट्टी नमूना संग्रहण किया गया है। जिसमें से 9200 नमूना का 12 पैरामीटर पी.एच.,इ.सी.,आर्गेनिक कार्बन, नाईट्राजन, फास्फोरस, पोटैशियम, सल्फर, बोरान, आयरन, मैग्नीज, जिंक, कॉपर का आनलाईन विश्लेषण का कार्य किया जा रहा है, विश्लेषण के दौरान जिले में अब तक पी.एच. 49 प्रतिशत अम्लीय, 8 प्रतिशत क्षारिय, आर्गेनिक कार्बन 50 प्रतिशत, नाईट्राजन 34.2 प्रतिशत, फास्फोरस 25.4 प्रतिशत, पोटैशियम 3 प्रतिशत, सल्फर 13 प्रतिशत, बोरान 50 प्रतिशत, आयरन 50 प्रतिशत, मैग्नीज 50 प्रतिशत, जिंक 50 प्रतिशत, कॉपर 50 प्रतिशत की कमी पाई गई है। जिले में 8100 मृदा स्वास्थ्य पत्रक प्रिंट कर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के माध्यम से किसानों को संतुलित उर्वरक का उपयोग करने हेतु सलाह देते हुए, वितरण किया जा रहा है, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजनान्तर्गत केन्द्र सरकार द्वारा पायलेट प्रोजेक्ट आन स्कूल स्वाईल हेल्थ प्रोग्राम अंतर्गत जिले के लिए 4 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय विकासखण्ड खरसिया, धरमजयगढ़, लैलूंगा, घरघोड़ा चयन किया गया है जिसके अंर्तगत विद्यालयों में मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मृदा नमूना लेने की विधि, महत्व एवं मिट्टी परीक्षण उपरांत अनुशंसित मात्रा में उर्वरक का प्रयोग करने की विस्तार पूर्वक स्कूल के छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### शिशु संरक्षण माह का जिला स्तरीय शुभारंभ

**रायगढ़, 17 फरवरी।** शिशु संरक्षण माह के जिला स्तरीय शुभारंभ समारोह का आयोजन आज शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र-गाँधी नगर के प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.एन.मंडावी ने जिलेवासियों से 16 फरवरी से 22 मार्च तक शिशु संरक्षण माह के दौरान सभी सत्रों में दी जाने वाली सेवाओं का लाभ लेने हेतु आग्रह किया।

विटामिन ए का नियमित खुराक प्रत्येक छः माह में एक बार लेने से बच्चों में रतौंधी, दस्त, श्वांस, संक्रमण, बुखार तथा कुपोषण की संभावना कम हो जाती है, अतः 9 माह से 5 वर्ष के सभी बच्चों को विभिन्न रोगों से बचाव करने वाली विटामिन की खुराक अवश्य पिलायें। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बी. पी. पटेल, ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र-गाँधीनगर के प्रांगण में आयोजित शिशु संरक्षण माह के जिला स्तरीय शुभारंभ समारोह में दी जाने वाली सेवाओं की जानकरी दी। उन्होंने कहा कि सभी हितग्राहियों 9 माह से 5 वर्ष के बच्चे एवं गर्भवती माताओं को नौ जानलेवा बीमारियों तथा टेटनेस से बचाव हेतु टीके लगवायें। शिशु संरक्षण माह के दौरान मंगलवार और शुक्रवार को जिले के सभी गांव एवं शहरी क्षेत्र में आयोजित टीकाकरण सत्रों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दी जाने वाली सभी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठायें। इस अवसर पर श्री विवेक रंजन सिन्हा, श्रीमती नीलमरंजू संजय, श्री सुभाष पाण्डेय, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बी. पी. पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक श्री पी. डी. बस्तिया, डॉ. राजेश मिश्रा जिला सलाहकार आर.एम.एन.सी.एच.ए, श्री उम्मेद राम पटेल स्वास्थ्य प्रशिक्षक, श्रीमती उमा महंत प्रभारी जिला मिडिया अधिकारी, श्री पंकज मिश्र व्ही.सी.सी.एम, श्री हलधर यादव कोल्डचैन टेक्निशियन, श्री सुनील पटेल एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र-गाँधी नगर के समस्त स्टॉफ तथा स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन के तहत 28 फरवरी तक चलेगा दवा सेवन कार्यक्रम

**रायगढ़, 17 फरवरी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.एन मण्डावी के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले के समस्त विकासखण्डों में राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत हांथीपांव दवा सेवन कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें डॉ. टी.जी. कुलवेदी, जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा बताया की गया कि यह कार्यक्रम 10 फरवरी से शुभारंभ हुआ है, जो कि 28 फरवरी तक चलेगा। जिसमें 15 फरवरी तक सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूल, कालेज, तकनीकी संस्थानों, के साथ-साथ सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में बूथ लगाकर हांथीपांव की दवा खिलाई गई।

# उपार्जन केन्द्र में धान जाम, खाने लगे चूहे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 17 फरवरी।** धान उपार्जन केन्द्र मे जमा धान को अब चुहे खाने लगे है। डी.ई.ओ ना कटने की स्थिती मे राईसमिलर भी धान नही उठा पा रहे। धान उठाने की धीमी गति के कारण अब धान मे सुख्ती,बेमौसम बारिश और चुहो का खतरा मंडराने लगा है। क्षेत्र की एक दर्जन सोसायटीयों मे तीन लाख टन धान जाम होने का अंदाजा लगाया जा रहा है,ऐसे मे प्रबंधको के सामने धान सुरक्षित रखने की काफी परेशानी खडी हो गयी है। बताया जाता है कि धान खरीदी बंद होने के साथ ही उपार्जन केन्द्र से धान का उठाव भी बंद हो चुका है,जिसके कारण क्षेत्र की दस सोसायटीयों मे लगभग तीन लाख टन धान जाम पडा है,प्रबंधको की माने तो अब उनके सामने धान को सुरक्षित रखने की परेशानी आ रही है। सबसे अधिक मार इन दिनो धान मे सुख्ती की पड रही है,धान सुखने की स्थिती मे उसकी भरपाई प्रबंधको को करनी पड जायेगी। जाम धान मे दूसरी सबसे बडी मार चुहो की आ रही है,धान उपार्जन केन्द्र मे इन दिनो चुहे कई क्विंटल धान बर्बाद कर चुके है,जिसके कारण प्रबंधक जाम धान के उठाव को लेकर काफी परेशान दिखायी दे रहे है। इधर शासन के नियमो का हवाला दिया जाता है तो धान उपार्जन केन्द्र मे धान खरीदी के 72 घंटे बाद ही धान का उठाव करना जरूरी रहता है,परंतु इन दिनो डी.ई.ओ कटने के अलावा राईस मिलर भी धान का उठाव करने मे दिलचस्पी नही दिखा रहे।।

**पीछे दरवाजे से धान की बिक्री बंद-:**धान की खरीदी बंद होने के साथ ही धान का उठाव बंद होने के पीछे राईसमिलरो द्वारा पीछे दरवाजो से धान की अवैध बिक्री भी बतायी जा रही है। पिछले दिनो ऐसे ही कुछ मामले सामने आये थे,जिसमे राईसमिलरो द्वारा धान उपार्जन केन्द्र से धान उठाकर उसकी अवैध रूप से बिक्री की जा रही थी,परंतु उपार्जन केन्द्र मे 4 फरवरी के बाद से धान की खरीदी बंद होजाने के कारण अब राईस मिलर भी पीछे के दरवाजे से मिलिंग का धान नही बेच पा रहे।।

**तीन लाख क्विंटल धान जाम-:**यहा की लगभग दस सोसायटीयों की बात करें तो पत्थलगांव धान उपार्जन केन्द्र मे 10 हजार क्विंटल धान अब भी जाम है। वही लुडेग मे 15 हजार क्विंटल,डूमरबहार मे 30 हजार क्विंटल,काडरो मे 30 हजार क्विंटल, घरजियाबथान मे 40 हजार क्विंटल,तमता मे 21 हजार क्विंटल,किलकिला मे 26 हजार क्विंटल,केराकछार में 18 हजार क्विंटल,कोतबा मे 50 हजार क्विंटल एवं बागबहार मे 28 हजार क्विंटल धान अब भी जाम की स्थिती मे रखा हुआ है।

## तेंदूपत्ता शाखकर्तन और अग्नि सुरक्षा पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

बीजापुर 16 फरवरी । जिला यूनियन बीजापुर वनमण्डल बीजापुर में तेंदूपत्ता शाखकर्तन एवं अग्नि सुरक्षा संबंधी जिला स्तरीय कार्यशाला सीजन 2024 का 16 फरवरी 2024 को बांस डिपो बीजापुर में आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वनसंरक्षक एवं पदेन मुख्य महाप्रबंधक, जगदलपुर वृत्त जगदलपुर जिला यूनियन बीजापुर के संचालक मण्डल सदस्य, प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के संचालक मण्डल सदस्य, वनमण्डलाधिकारी/प्रबंध संचालक, समस्त उपवनमण्डलाधिकारी, समस्त परिक्षेत्र अधिकारी (सा), समस्त वनकर्मी, संग्राहक एवं फड़मूंशी उपस्थित रहे।जिला वनोपज यूनियन बीजापुर के कुल 28 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों में 45 तेंदूपत्ता लॉट में सीजन 2024 हेतु 121600 मानक बोरा का संग्रहण लक्ष्य निर्धारित है। कार्यशाला में मुख्य वनसंरक्षक एवं पदेन मुख्य महाप्रबंधक, जगदलपुर वृत्त जगदलपुर द्वारा तेंदूपत्ता शाखकर्तन की विधि एवं इससे लाभ, तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिलने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं एनसे मिलने वाले लाभ की विस्तृत जानकारी दी गई। महुआ संग्रहण के समय जंगल में लगने वाली आग को कम करने हेतु समझाईश दी गई। लाख उत्पादन की महता को समझाते हुए अधिक से अधिक लाख पालन कार्य हेतु स्वयं रूचि लेकर आगे आने के लिए संग्राहकों एवं फड़मूशियों को प्रेरित किया गया एवं विभाग के तरफ से अधिक से अधिक सहयोग का विश्वास दिलाया गया। अच्छी गुणवत्ता के तेंदूपत्ता की पैदावार हेतु उपस्थित संग्राहक, फड़मुंशी एवं वनकर्मियों को शाखकर्तन कैसे करते हैं की जानकारी उनके द्वारा स्वयं अपनी उपस्थिति में कुछ जगहों पर शाखकर्तन का कार्य करवाकर दी गई।

# जनसमस्या निवारण शिविर चेरपल्ली और धनोरा में पहुंचे कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 17 फरवरी ।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने आज भोपालपटनम ब्लॉक के चेरपल्ली एवं बीजापुर ब्लॉक के धनोरा में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में शामिल होकर ग्रामीणों को व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी एवं योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया मौके पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों, ग्रामीणों के मांग एवं पात्रतानुसार योजना से लाभान्वित करने के लिए संवेदनशीलता के साथ उसकी मदद करने उनके दस्तावेजों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री पाण्डेय ने कहा कि आज शासन द्वारा एक बटन दबाने से लाखों-करोड़ों हितग्राहियों के खाते में योजनाओं की राशि त्वरित अंतरित हो जाती है। इसलिए सभी का बैंक पास बुक होना अनिवार्य है। आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में खाता नहीं खुलवा पाने के कारण पात्र हितग्राही भी शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से वंचित हो रहे है। और दस्तावेज बनाने के ग्रामीणों को अलग-अलग कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े इसलिए प्रशासन अपने सभी विभागों के साथ ग्रामीणों के बीच उपस्थित हो रहे हैं। विभागीय समन्वय से सुगमतापूर्वक सभी प्रकार के दस्तावेज ग्रामीणों को उपलब्ध होना अब आसान हो रहा है। इसलिए शिविर का लाभ सभी उठाएं और अपने परिवार, समाज एवं परिचितों को भी प्रेरित करें ताकि कोई भी हितग्राही किसी भी योजना से वंचित न हो। शिविर में कलेक्टर ने 21 वर्षीय युवक चिन्तामाटुर निवासी हेमंत कुड़ियम से चर्चा किया हेमंत ने बताया कि अभी तक उसका आधार कार्ड नहीं बना है। कलेक्टर ने विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने बैंक खाता और आधार कार्ड की उपयोगिता के बारे में बताते हुए संबंधित विभाग के कर्मचारी को त्वरित आधार कार्ड बनाने के निर्देश दिए। इसी तरह महतारी वंदन योजना के लाभ लेने माता-बहनों को प्रेरित किया और संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव को स्वयं उनका महतारी वंदन फार्म भरने एवं उनके दस्तावेज उपलब्ध कराकर फार्म जमा करने के निर्देश दिए।

शिविर में आए हुऐ ग्रामीणों से व्यक्तिगत रूप से उनकी समस्याओं से अवगत होकर संबंधित विभाग को त्वरित निराकरण करने उनकी समस्याओं को सुनने एवं समुचित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने महतारी वंदन, पीएम किसान सम्मान, प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, राशन कार्ड का नवीनीकरण की तिथि में वृद्धि सहित केन्द्र और राज्य शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुऐ उनका अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि प्रदेश भर में महतारी वंदन योजना का लाभ लेने 60 लाख से अधिक महिलाओं ने आवेदन किया है हमारे जिले के कोई भी माता-बहन जिनका उम्र 21 वर्ष या उससे अधिक हो और विवाहित हो, यदि विवाह के उपरांत तलाकशुदा और परिव्यक्तता है तो वह भी योजना से लाभान्वित होने पात्र है। इसलिए कोई भी योजना से वंचित नहो। इस अवसर पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी श्री वाय के नाग, सीईओ जनपद पंचायत श्री एसबी गौतम, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

### निःशुल्क डायलिसिस केंद्र का हो रहा संचालन

**रायगढ़, 17 फरवरी।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के दिशा निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ. आर.एन.मंडावी के मार्गदर्शन में सिविल अस्पताल खरसिया में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम (जीवन धारा ) के अंतर्गत डायलिसिस यूनिट सेटअप का संचालन किया गया है। इस कार्यक्रम से दूरस्थ अंचलों के मरीजों की भी उनके जिले में ही डायलिसिस की सुविधा प्राप्त होने से मरीजों व उनके परिजनों के श्रम, धन, और समय की बचत हो सकती है। क्योंकि किडनी संबंधी रोग से ग्रस्त मरीज को लंबे समय तक बार-बार डायलिसिस कराना पड़ता हैं। इससे उन पर आर्थिक बोझ पड़ता है स्थानीय स्तर पर ही निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा मिलने से मरीजों को बड़ी राहत मिलती है। यह स्वास्थ्य सुविधा सिविल अस्पताल खरसिया जिला रायगढ़ में गत 7 फरवरी से आरंभ किया जा चुका है। वर्तमान में कुल 3 डायलिसिस मशीन है जिसमें 7 फरवरी से अब तक 10 मरीजों को इसका लाभ प्राप्त हुआ है। वर्तमान में एजेंसी के द्वारा पब्लिक प्राइवेट पाटनर शीप मॉडल के माध्यम से डायलिसिस सेवा का राज्य में संचालन सिविल अस्पताल खरसिया जिला रायगढ़ में किया जा रहा है।

## एनसीईआरटी व परख के सयुंक्त तत्वावधान में शिक्षक सीखेंगे मूल्यांकन के नए तरीके



**बीजापुर 17 फरवरी।** नेशनल असममेंट सेंटर परख व एनसीईआरटी के संयुक्त तत्वाधान में डाईट बीजापुर में दो दिवसीय प्रोजेक्ट विद्यासागर एजुकेशनल वर्कशॉप का आयोजन किया गया।बीजापुर जिला आकांक्षी जिला है इसलिए पूरे प्रदेश में एक मात्र बीजापुर जिला का चयन इस एजुकेशन वर्कशॉप के लिए किया गया।परख एक ऐसी संस्था है जो प्रदर्शन, मूल्यांकन, समीक्षा व समग्र विकास के लिए सीखे गए ज्ञान का विश्लेषण करती है तथा शिक्षा गुणवत्ता के सभी स्तरों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए काम करती है। वर्तमान में परख एनसीईआरटी के एक हिस्से के रूप में काम कर रही है। नेशनल अचीवमेंट सर्वे(एनएएस) तथा स्टेट अचीमेंट सर्वे(एसएएस)जैसी गतिविधियों के लिए रणनीति बनाना व उसका क्रियान्वयन करना इस दो दिवसीय कार्यशाला के उद्देश्य है। विभिन्न स्तरों पर सीखने की दक्षताओं के बारे में स्कूली शिक्षकों के बीच जागरूकता पैदा करना और विद्यांजलि के बारे में जागरूकता पैदा करना भी इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। गुरुवार को इस दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन कलेक्टर बीजापुर श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा किया गया।पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री नई दिल्ली व एनसीईआरटी द्वारा आयोजित शिक्षा गुणवत्ता व विधांजली विषय पर विस्तार से शिक्षकों को जानकारी दी जा रही है। उद्घाटन सत्र में कलेक्टर बीजापुर श्री अनुराग पाण्डेय ने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी हमारे शिक्षक बेहतर काम करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं।जिले में शिक्षा गुणवत्ता व बच्चों के समग्र विकास हेतु इस तरह के कार्यशालाओं का आयोजन बेहद जरूरी है।राष्ट्रीय स्तर पर अपने बच्चों को तैयार करना व हर क्षेत्र में उसकी क्षमता व उपयोगिता के अनुरूप उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध करवाना शिक्षकों की जिम्मेदारी है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी.आर. बघेल ने शिक्षकों को पूरी तन्मयता से इस वर्कशॉप में सहभागिता के लिए प्रेरित किया। श्री बघेल ने कहा कि सीखना जीवन की सतत प्रक्रिया है अतः हम सबको रोज स्वयं को कुछ नया सीखने की प्रक्रिया में शामिल करना चाहिए क्योंकि एक शिक्षक होने के नाते हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। सुश्री शालिनी एस शर्मा असिस्टेंट सेक्रेटरी जनरल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स नई दिल्ली ने ऑनलाइन जुड़कर सभी उपस्थित अथितियों का स्वागत किया।सुश्री शालिनी एस शर्मा ने दो दिवसीय कार्यशाला के उद्देश्यों पर बात करते हुए कहा कि विद्यांजलि जैसी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है उन्होंने शिक्षकों से अपने स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार के लिए निजी क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों का उपयोग करने का आह्वान किया।डाईट प्रभारी प्रचार्य श्रीमती सरिता दुब्बा ने उपस्थित अधिकारियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया साथ ही उन्होंने कहा कि हर बार हम दिल्ली ह्ष्टश्वक्रञ्ज जाकर इस तरह का प्रशिक्षण नहीं ले सकते, हमारे लिए यह बहुत महत्वपूर्ण वर्कशॉप है इसलिए हमें इस अवसर का भरपूर लाभ उठाना चाहिए।उद्घाटन सत्र में शिक्षकों के साथ परख की ष्टश्वह्(ह्ष्टश्वक्रञ्जदिल्ली) प्रोफेसर भादुड़ी ऑनलाइन जुड़ी तथा उन्होंने अपने उद्घाटन वक्तव्य में कहा कि %परख%का उद्देश्य बच्चों को 21वीं सदी की जरूरतों के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि एनईपी 2020 ने देश में जिस नए शिक्षा प्रतिमान की शुरुआत की है, वह रटकर सीखने से हटकर योग्यता-आधारित शिक्षा पर केंद्रित है। उक्त कार्यक्रम में श्री पलाश सेन सयुंक्त सचिव पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री नई दिल्ली ने स्मृति चिन्ह देखर उपस्थित अथितियों का स्वागत किया ।

# नगरीय निकाय की राजस्व वसूली में लाएं तेजी:कलेक्टर



**रायगढ़, 17 फरवरी।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने नगरीय निकाय की मासिक समीक्षा बैठक ली। उन्होंने नगरीय क्षेत्र में चलाई जा रही योजनाओं पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा, पीएम आवास, महतारी वंदन योजना के साथ सम्पत्ति कर, जल कर व स्वच्छता सर्वेक्षण जैसे बिन्दुओं पर चर्चा की। उन्होंने नगरीय निकाय की आय बढ़ाने के लिए नियमित रूप से सम्पत्ति कर, जल कर संग्रहण के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही नगरीय निकाय के राजस्व अमले को निर्मित क्षेत्रों का सही मूल्यांकन करने के निर्देश दिए जिससे उसके अनुरूप कर निर्धारण किया जा सके। कलेक्टर श्री गोयल ने नगरीय निकाय में स्वीकृत सभी प्रकार के निर्माण कार्यों को समयावधि में पूर्ण करने को कहा। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी, प्रभारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री महेश शर्मा उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि नगरीय निकाय में राजस्व वसूली महत्वपूर्ण कार्य है। सभी नगरीय निकाय में निर्धारित राजस्व वसूली का कार्य प्राथमिकता से किया जाए। कलेक्टर श्री गोयल ने लैलूंगा एवं घरघोड़ा में राजस्व वसूली में बहुत कम वृद्धि होने पर निगम आयुक्त को संबंधित सीएमओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा यह शासन की महत्वपूर्ण योजना है, इसमें लापरवाही एवं देरी न करें। उन्होंने सभी आवास निर्माण के अप्रारंभ कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के हितग्राहियों को समय पर ऋण एवं अन्य लाभ देना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री गोयल ने बैठक में नापतौल विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। इस दौरान सभी नगरीय निकाय के सीएमओ सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**महतारी वंदन योजना के लाभ से न छूटे कोई हितग्राही-**कलेक्टर श्री गोयल ने महतारी वंदन योजना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही फार्म भरने से न छूटे। इस बात का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए कि जो स्वयं से ऑनलाइन फार्म भरे है क्या उसमें कोई चूक या त्रुटि तो नहीं हुई है।



## पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत कारीगरों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**बीजापुर 17 फरवरी ।** पारंपरिक कौशल रखने वाले कारीगर जैसे सुनार, लोहार, नाई और चर्मकार को इस योजना का लाभ मिलेगा। इसी तरह 18 पारंपरिक किसानों को भी इस स्कीम का लाभ मिलेगा। इस योजना के जरिये जहां एक ओर लोगों को खुद का बिजनेस शुरू करने में मदद मिलेगी तो वहीं दूसरी तरफ यह कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता मिलेगी। इस योजना की सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें लोन दिया जाता है। इस योजना में दो चरण में लोन दिया जा सकता है। पहला लोन, 1 लाख रूपये का होता है, वहीं दूसरी चरण में 2 लाख रूपऐ का लोन दिया जाता है। यह लोन 5 फीसदी ब्याज पर दिया जाता है। इस स्कीम में लाभार्थी को लोन के साथ मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।ट्रेनिंग में लाभार्थी को 500 रूपए प्रतिदिन का स्टाइपेंड भी मिलता है। इसके अलावा पीएम विश्वकर्मा सर्टिफिकेट और आईडी कार्ड, बेसिक और एडवांस ट्रेनिंग जैसे स्किल की ट्रेनिंग दी जाती है। टूलकिट के लिए 15 हजार रूपए की राशि दी जाती है और डिजिटल ट्रांजेक्शन के लिए इन्सेंटिव दिया जाता है।पीएम वश्विकर्मा योजना में कारपेंटर (बढ़ई), नाव बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, सुनार, मिट्टी के बर्तन बनाने वाले (कुम्हार), मूर्तिकार, राजमिस्त्री, मछली का जाल बनाने वाले, टूल किट निर्माता, पत्थर तोड़ने वाले, मोची/जूता कारीगर, टोकरी, चटाई, झाडू बनाने वाले, गुड़िया और अन्य खिलौना निर्माता (पारंपरिक), नाई, माला बनाने वाले, धोबी, दर्जी के कारीगरों को योजना का लाभ मिलता है।जिला परियोजना लाईवलीहूड कॉलेज बीजापुर में 15 फरवरी 2024 से पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत 37 हितग्राहियों को दर्जी के कारीगरों को 05 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत संचालित दर्जी प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महिलाओं को महिला सशक्तिकरण योजना से मिलने वाले लाभ की चर्चा की गई, उनके कार्य एवं अच्छे भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## विधायक प्रत्याशी समेत सोलह लोगों ने थामा बीजेपी का दामन



**बीजापुर,17 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य समेत समूचे भारत मे लोकसभा चुनाव अप्रैल माह में होने हैं।ऐसे में राजनीति दलों की दल बदलने प्रवेश की प्रक्रिया अभी से ही चालू होती नजर आ रहें है। छत्तीसगढ़ जेसेसीजे को गुरुवार को तगड़ा झटका लगा है।जिसमें बस्तर के बीजापुर विधानसभा से छ्वष्ष्द्र के प्रत्याशी रामधर जुर्री समेत कुल सोलह लोगों ने बीजेपी के रीतिनीति और भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश गागड़ा के कार्यशैली से प्रभावित होकर बीजेपी का दामन थामा है। छ्वष्ष्द्र के सोलह लोंगो को छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव,प्रदेश महामंत्री सजंय श्रीवास्तव व भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश गागड़ा ने विधायक प्रत्याशी रामधर जुर्री समेत कुल सोलह लोगों को गर्मजोशी से पार्टी में स्वागत कर भाजपा पार्टी का गमछा पहनाकर पार्टी में प्रवेश कराया गया।

## जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**बीजापुर,17 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत सभा कक्ष में गुरुवार को आयोजित सामान्य सभा की बैठक में एजेन्डेवार की मुद्दो पर चर्चा हुई । जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुडियम की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सदस्यों ने शिक्षा, स्वास्थ, राशन वितरण प्रणाली, ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण, किसानों को ग्राफ्टिंग विधि से तैयार फलदार पौधे वितरण, बीज वितरण, ग्रामीण अंचलों में बेहतर स्वास्थ सुविधा, ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण, ग्राम पंचायत पानी की उपलब्धता हेतु बोर खनन, नल जल योजना के बेहतर क्रियान्वयन, वनाधिकार पट्टा के वितरण की ओर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किये। राशन वितरण में बुजुर्गों के फिंगर प्रिंट में आने वाली सस्म्याओं के निराकरण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्धे , श्रीमती सरिता चापा, श्रीमती बी पुष्पा राव, श्रीमती संत कुमारी मंडावी, श्रीमती पार्वती कश्यप., जानकी कोरसा , श्री सोमारू राम कश्यप तथा जनपद पंचायत बीजापुर की अध्यक्ष श्रीमती बोधी ताती, जनपद पंचायत भोपालपटनम के अध्यक्ष श्रीमती निर्मला मरपल्ली, जनपद अध्यक्ष भैरमगढ़ श्री दशरथ कुंजाम जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमन्त रमेश नंदनवार ने समस्त विभाग के अधिकारी को कहा कि सुदूर अंचलों में शासन के कार्य और योजनाएं दिखनी चाहिए। जिनके लिए योजनाएं बनी है उन तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है।

## स्वामित्व योजना अंतर्गत भोपालपटनम के रूद्रारम में हुआ ड्रोन सर्वे

**बीजापुर,17 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भोपालपटनम तहसील के 90 पंचायतों का स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन सर्वे, सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा किया जाएगा। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय की उपस्थिति में टीम द्वारा ड्रोन सर्वे किया गया। कलेक्टर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जो आबादी का सर्वे किया जा रहा है। वह स्वामित्व योजना के अंतर्गत है सामान्यतः अभी तक राजस्व रिकार्ड में जितने भी गांव के जमीन होती थी एक या दो खसरे में सीमित होती थी। उसमें व्यक्तिगत जगह का चिन्हांकन नहीं होता था, चिन्हांकन नहीं होने के कारण उसका कोई रेवेन्यू रिकार्ड नहीं बनता था यद्यपि कुछ पट्टे बनाकर दिए जाते थे। लेकिन उसको और अधिक प्रमाणित करने के लिए भारत सरकार ने लागू किया है छत्तीसगढ़ राजस्व विभाग द्वारा पूर्णतः सहयोग किया जा रहा है। सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा ड्रोन सर्वे का कार्य किया जाएगा। फिर व्यक्तिगत पट्टा स्वामित्व योजना के तहत दिए जाऐंगे। इन पट्टे के धारकों को पूर्ण अधिकार रहेगा। वह जमीन के एवज में ऋण ले सकेंगे। जमीन क्रय विक्रय कर सकेंगे यह महत्वाकांक्षी योजना है। सामान्य सर्वे में लोगो को अपनी भूमि के कम ज्यादा होने का डर और विवाद रहता थ। इस सर्वे के माध्यम से इस तरह की विवादास्पद स्थिति नहीं बनेगी। ड्रोन सर्वे के दौरान एसडीएम श्री वाय के नाग, तहसीलदार श्री मोहन साहू, सीईओ जनपद पंचायत श्री एसबी गौतम सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे ।

## एक नजर

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

**बलौदाबाजार 17 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के निर्देश के परिपालन में शनिवार आज को जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन संयुक्त जिला कार्यालय में किया गया। शिविर प्रातः 10 बजे शुरू होकर संध्या 5 बजे तक चली। कलेक्टर चंदन कुमार द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर के सुचारू संचालन के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया था। इस शिविर में राजस्व सम्बंधित समस्या जैसे फौती नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, किसान किताब, नवीनीकरण आदि का निराकरण किया गया। अपर कलेक्टर वीसी एक्का तहसील बलौदाबाजार, सुहेला एवं सिमगा के लिए पीठासीन अधिकारी बनाये गए है। इन तहसीलों के अंतर्गत आवेदन पंजीयन कार्य के लिये साहायक ग्रेड 2 शीतल प्रसाद शर्मा एवं सहायक ग्रेड 3 सुरेन्द्र कुमार दुबे की ड्यूटी लगाई गई थी। इसीतरह अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी तहसील भाटापारा, टुण्डरा एवं सोनाखान के पीठासीन अधिकारी बनाये गए थे तथा सहायक ग्रेड 2 अजय कुमार निषाद एवं सहायक ग्रेड 2 संजय निर्मलकर की ड्यूटी लगाई गई थी। संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोण्डे तहसील पलारी, लवन एवं कसडोल के लिए पीठासीन अधिकारी बनाये गए थे। और सहायक ग्रेड 2 सूरज कुमार टंडन एवं सहायक ग्रेड 3 मनोज कुमार चेलक की ड्यूटी लगाई गई थी।

### ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 मार्च

**बालोद, 17 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु कक्षा 12वीं से उच्चतर कक्षाओं के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पोस्ट मैट्रिक-स्कॉलरशीप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाईन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन की तिथि 19 फरवरी से 14 मार्च 2024 तक, छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर अध्ययनरत बालोद जिले के विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन की तिथि 15 मार्च से 26 मार्च 2024 तक, ड्राफ्ट प्रपोसल लॉक 19 फरवरी से 28 मार्च 2024 एवं सेंक्शन ऑर्डर लॉक करने की तिथि 19 फरवरी से 30 मार्च 2024 तक की जा सकती है। उन्होंने ने बताया कि यह विद्यार्थियों के ऑनलाईन आवेदन के लिए अंतिम अवसर होगा। इसके पश्चात् शिक्षा सत्र 2023-24 के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन ऑनलाईन आवेदन, ड्राफ्ट प्रपोसल लॉक एवं सेक्शन ऑर्डर लॉक करने के लिए अवसर नहीं प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासकीय या अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग, पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई में अध्ययनरत बालोद जिले तथा राज्य के बाहर अध्ययनरत जिले के विद्यार्थी जिनका प्रवेश शिक्षण संस्थाओं में विलंब से प्रवेश लेने वाले तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पात्रता रखने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक अपना ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 21 को

**बालोद, 17 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद में 21 फरवरी 2024 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद के प्राचार्य ने बताया कि 21 फरवरी को प्रातः 10 बजे प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें एबीस एक्सपोर्टस राजनांदगांव के द्वारा अभ्यर्थी चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आईटीआई उत्तीर्ण (इलेक्ट्रीशीयन, फीटर, वेल्डर, डीजल मैकेनिक) अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ सम्मिलित हो कर अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना: जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला 21 को

**बालोद, 17 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनांतर्गत जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन 21 फरवरी को सुबह 11.30 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया जाएगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा परम्परागत गतिविधियों से जुड़े शिल्पकार और कारीगर उपस्थित रहेंगे।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना: 45 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**सिमगा, 17 फरवरी।** 15 फरवरी को सांस्कृतिक भवन, सिमगा नगर, विकासखंड सिमगा, में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त आयोजन में छ. ग. राज्य के विभिन्न स्थानों से आए कुल 45 जोड़ों का वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। हर्ष का विषय यह है कि उक्त कार्यक्रम में 1 दिव्यांग जोड़ा भी शामिल था एवं अंतरजातिय विवाह भी देखने को मिला। यह कार्यक्रम भारत की एकता एवं अखंडता का प्रतीक बना।

उपरोक्त कार्यक्रम की शुरुवात जोड़ो के पंजीकरण एवं श्रृंगार सामग्री वितरण से हुई। तत्पश्चात वर-वधु को प्राथमिकता से भोजन कराकर 45 वरों की बारात निकली गई। डीजे सिस्टम के साथ वर सहित, बारातियों एवं अतिथियों ने खूब ठुमके लगाए। महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा द्वारचार कर समस्त वर का स्वागत किया गया।

पंडित जी द्वारा सामूहिक रूप से 45 हिन्दू जोड़ों का वैवाहिक कार्यक्रम, हवन एवं फेरों सहित, सात वचन दिलाते हुए पूर्ण किया गया। परिणय सूत्र में बंधे समस्त 45 जोड़ों को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वितरित रु 21, 000 के चेक, उपहार सामग्री एवं प्रमाण पत्र के साथ-साथ परिजनों ने भी 'टिकावन' के रूप में साड़ी, लिफाफा आदि समस्त जोड़ों को अत्यंत उत्साह के साथ प्रदान किया। गौरतलब है कि आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम की राशि प्रति जोड़ा रु 50, 000 हो गई है। अतः समस्त जोड़ों को रु 21, 000 की उपहार सामग्री, रु 21, 000 का चेक एवं आयोजन अथवा परिवहन हेतु शेष राशि प्रदान की गई है।

श्री श्रेष्ठ शंभरकर, परियोजना अधिकारी, सिमगा ने बताया कि हालही में शुरू हुई मुख्यमंत्री महतारी वंदन योजना का लाभ भी पात्र नव-विवाहित महिला को प्राप्त होगा। अतः स्थल पर ही उन्हें आवेदन भरवाकर योजना में पंजीकृत कराया गया। जोड़ों को आशीर्वाद देने हेतु जिला पंचायत सदस्य रेणुका अभिनव यदु, के के देवांगन, रमेश घृतलहरे, तिवारी, सुनील महेश्वरी, अभिनव यदु, पत्रकार गण एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित हुए। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी श्रेष्ठ शंभरकर, समस्त पर्यवेक्षक गण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएं, जोड़ों के परिजन एवं अन्य लोगों ने सफलतापूर्वक आयोजन सम्पन्न कराया।

### अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर टास्क फोर्स की बड़ी कार्रवाई

# अवैध खनन में लगी 6 चेन माउंटेन मशीन, 3 हाईवा सहित 57 वाहन जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 17 फरवरी।** राज्य शासन द्वारा समय-समय पर खनिजों के अवैध उत्खनन/परिवहन पर समुचित रोकथान हेतु जारी निर्देशो के परिपालन में कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 15 फरवरी 2024 को जिला खनिज टॉस्क फोर्स के सदस्यों के रुप में राजस्व विभाग, खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग के द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर संयुक्त कार्यवाही की गई। जिसमें खनिज रेत, मुरुम, चूनापत्थर के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलग्न वाहनों एवं मशीनों पर कठोर कार्यवही करते हुए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 51 खनिजों का अवैध परिवहन कर रहें वाहनों सहित अवैध खनन में प्रयुक्त हो रहें 6 चैन माउण्टेड मशीनों पर जप्ती की कार्यवाही की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार बलौदाबाजार के द्वारा बिना खनिज अभिवहन परिपत्र के खनिज रेत के अवैध परिवहन कर रहे 22 गाड़ियों में अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया है। इसी तरह पलारी तहसील अंतर्गत ग्राम दतान (ख) में रात्रि में खनिज रेत के अवैध उत्खनन में संलग्न 2 चैन माउन्टेड मशीन को खनिज विभाग के साथ जन्त व सीलबन्द करते हुए 3 हाईवा जो कि नदी में रेत भराई का कार्य करते समय जप्त कर वाहन चालकों के भाग जाने पर रेत खदान संचालक को सुपुर्द किया गया है।

इसी प्रकार कसडोल तहसील अंतर्गत ग्राम भदरा में रात्रि में खनिज रेत के अवैध उत्खनन में संलग्न 3 चेन माउन्टेड मशीन को जप्त व सील किया जाकर सुरक्षार्थ ग्राम भदरा में रखा गया है तथा ग्राम भदरा एवं सिनोधा में 8 रेत से भरी हाईवा जप्त किया जाकर थाना कसडोल में सुरक्षार्थ रख गया है। तहसीलदार लवन के द्वारा खनिज रेत 8 हाईवा जप्त कर थाना लवन में सुरक्षार्थ रख गया है इसी के साथ खनिज विभाग के अमला के द्वारा भी खनिज रेत के 4 हाईवा जप्त कर थाना लवन में ही सुरक्षार्थ रखा गया है। तहसीलदार टुण्ड्रा एवं भाटापारा के द्वारा 3-3 वाहनों पर अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज कर खनिज मुरुम के अवैध खनन में प्रयुक्त हो रहे चैन माउण्टेड मशीन को जप्त किया जाकर संबंधित थाने में सुरक्षार्थ रखा गया है।सभी वाहनों एवं मशीनों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास तथा विनियमन) अधिनियम, 1957 के तहत कार्यवाही की गई है। जिनमें नियमानुसार कठोर दण्डात्मक कार्यवाही के निर्देश खनिज विभाग को दिये गये है।

## समाचार संक्षेप

### शाम होते ही अंधेरे में डूब जाती है सड़कें

#### मेनरोड के साथ ही वार्डों में भी बंद पड़ी हैं स्ट्रीट लाइट, चोरी का रहता है डर



**भखारा, 17 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पंचायत भखारा में शाम होते ही यहां की प्रमुख सड़कें अंधेरे में डूब जाती है रायपुर से धमतरी जाने वाले मुख्य मार्ग में स्तिथ भखारा नगर में सड़क के बीचों बीच बनाये गए डिवाइडर की स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हुई इसी तरह से यहां के अन्य वार्डों में भी बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें चालू नहीं की जा रही है।

नगर की मुख्य सड़कों के साथ ही कई वार्डों में स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हुई है जिससे रात में सड़कों पर अंधेरा पसरा रहता है। वार्डों में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को सुधरवाने के लिए यहां के नगरवासी कई बार शिकायत कर चुके है लेकिन कइयों शिकायत के बाद भी यह स्ट्रीट लाइटें नहीं सुधारी जा रही है जिसका खमियाजा लोगों को उठाना पड़ रहा है। जिसके चलते चोर सक्रिय होकर रात्रि में बन्द लाइट का फायदा उठाकर आये दिन चोरी डकैती कर रहे है एवं रात के समय सड़क हादसे जैसे छोटी -बड़ी घटना घटती रहती है। यहां की जनप्रतिनिधियों व प्रशासन की उदासीनता के चलते राहगीरों व नगरवासियों को काफी हद तक समस्याओं से होकर गुजरना पड़ रहा है।

### वरिष्ठ नागरिकों का किया गया सम्मान



**बलौदाबाजार, 17 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर वरिष्ठ नागरिक की सुरक्षा तथा सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष की तरह विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम सुहेला में अंतर्राष्ट्रीय वृध्दजन दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 96 वृध्दजन को शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी वृध्दजनों को वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण अधिनियम 2007 के बारे में विस्तृत जानकारी समाज कल्याण विभाग के द्वारा दी गई एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वृध्दजनों द्वारा अपने जीवन के बारे में बताते हुए 60 वर्ष पश्चात पारिवारिक स्थितियों से किस प्रका बदलाव आता है इस बारे में विस्तृत जानकारी साझा की गई। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन संबंधी समस्याओं का निवारण भी किया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण अरविन्द गेडाम, जनपद पंचायत सिमगा के समाज शिक्षा संगठक संजू डहरिया, सरपंच, सचिव हीरालाल साहू सहित समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### नवागांव (क) में त्रिदिवसीय कबीर सत्संग समारोह प्रारंभ




**भखारा, 17 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम नवागाँव(कचना) में आज शनिवार से सोमवार तक त्रिदिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमे मुख्य प्रवचनकर्ता धमेंद्र साहेब,पारख संस्थान प्रयागराज (उत्तरप्रदेश) रहेंगे व प्रमुख भजन गायक गुरुशरण साहू ग्राम भेंडरी राजिम प्रस्तुति देंगे उक्त कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और शाम 3 बजे से 5 तक दो सत्र में आयोजित होगी उक्त कार्यक्रम की आयोजन सदगुरु कबीर साहेब के वाणी का प्रचार-प्रसार व मानवीय एकता तथा आत्म कल्याण हेतु सत्संग का किया जा रहा है इस अवसर पर कबीर पंथ के क्रांतिकारी,चिंतक,समाज सुधारक धमेंद्र साहेब अपने संत मंडली सहित कबीर पारख़ संस्थान प्रयागराज से आ रहे है जिसमे प्रथम दिवस झंडा पारख झंडा रोहन का कार्यकम और नवागांव आश्रम में भक्तो,संतो व ग्राम के भक्त श्रद्धालुओं और दूरदराज के संतो और भक्तो के अथक प्रयास से छोटा सा भंडार गृह को लोकार्पण भी किया जाएगा संतो द्वारा अमृत मय प्रवचन का लाभ श्रोता के बीच रखेंगे उक्त कार्यक्रम का आयोजन श्री कबीर आश्रम समिति नवागांव व समस्त साध्वी समाज नवागांव आश्रम के विशेष सहयोग से किया जा रहा है कबीर पंथी समिति के अध्यक्ष अशोक साहू,उपाध्यक्ष दिलीप साहू ने सत्संग प्रेमी श्रोताओं को सत्संग का लाभ अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ लेने का आव्हान किया है उक्त कार्यक्रम में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं व उपस्थित भक्तगण के लिए दोपहर में भोजन प्रसाद का व्यवस्था भी रखा गया है!



### टीबी मरीजों को किया गया पोषण आहार का वितरण

**तिल्दा नेवरा, 17 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 16 फरवरी को विकासखंड तिल्दा में मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के आदेशानुसर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर उमा पैकरा के मार्गदर्शन में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम अंतरगत संभव प्लांट तिल्दा के द्वार टीबी के 15 मरीजों को निश्चय मित्र बैंकर पोषण आहार वितरण किया गया। संभव प्लांट के जीएम डॉक्टर लोकेश दत्त शर्मा की उपस्थिति में सभी वरिष्ठ अधिकारियों के द्वार पोषण आहार का वितरण कर टीबी के मरीजों को प्रोटीन युक्त आहार देकर सभी अधिकारियों के द्वार उन्हें उज्जवल भविष्य की कामना के साथ सफल योजना कार्यक्रम में समृद्ध संस्थान बनाया गया टीबी प्रोग्राम डॉक्टर सरला सिंघानिया एवीएम सौरभ शर्मा वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। आप के इस आयोजन में एसडीएम प्रकाश टंडन, बीपीएम ममता सुनानी, अनिल अग्रवाल, नरेंद्र शर्मा शोरभ। जैन उपस्थित रहे।



# विधायक ने किया लाखों के सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 17 फरवरी।** विधायक इन्द्र साव ने अपने विधायक निधि से विभिन्न ग्राम पंचायतों में सी.सी. रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जिसमें क्रमशः ग्राम पंचायत - देवरानी, टोनाटार, माचाभाट, दतरेंगी आदि शामिल है। विधायक साव ने कहां ग्रामीण विकास के लिए, सुगम सड़क मूलभूत आवश्यकताओं में से एक है, जो मेरी मेरी पहली प्राथमिकता है। जिसे मैं पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। इस अवसर पर क्षेत्र के कांग्रेस नेता व कार्यकर्तागण एवं स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य रूप से टेकसिंह ध्रुव पूर्व जिला पंचायत सदस्य, आबिद खान सचिव जिला कांग्रेस कमेटी, सरपंच देवरानी कुमारी केवल ध्रुव, पंचगण-पंचराम वर्मा, राधेश्याम साहू, मिथलेश ध्रुव-सेक्टर प्रभारी, जनक वर्मा, सेऊक साहू, शिव कुमार ध्रुव, हबिब अहमद, दशरथ ध्रुव, भागीरथी ध्रुव, हेमंत नेताम, टोनाटार सरपंच - सत्या बुद्धे ध्रुव, गैंदराम वर्मा उपसरपंच, विष्णु कोशले पंच, योमन सिंह ध्रुव पंच, दुलार सिंह यादव, गुहाराम निषाद, गंगाराम ध्रुव, कांशीराम वर्मा, ईश्वरी ध्रुव, मधु फेकर, माचाभाट सरपंच शांति यदु, दतरेंगी सरपंच हुलाशराम साहू, कमलेश साहू व अन्य ग्रामीणजन की उपस्थिती रहीं।

### केन्द्रीय संयुक्त सचिव ने नगरीय निकायों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की

# शेष आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने संयुक्त सचिव के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बालोद, 17 फरवरी।** फॉरेंसिक, केमिकल एवं फर्टिलाइजार विभाग भारत सरकार के संयुक्त सचिव रविन्द्र प्रताप सिंह ने आज सर्किट हाउस बालोद के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जिले के नगरीय निकायों में प्राप्त कुल आवेदन पत्रों एवं उसके निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निराकरण हेतु शेष रह गए सभी आवेदन पत्रों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जिससे की विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के उद्देश्यों के अनुरूप सभी पात्र हितग्राहियों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। बैठक में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के अलावा संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में केन्द्रीय संयुक्त सचिव आरपी सिंह ने हितग्राहियों के द्वारा शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु विभागवार प्रस्तुत किए गए आवेदनों के संबंध में जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि आदि योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त कुल आवेदनों तथा उनकी निराकरण की स्थिति के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निराकरण हेतु शेष रह गए आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश भी दिए। केन्द्रीय संयुक्त सचिव आरपी सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत बालोद जिले में बेहतर शिविर के आयोजन एवं प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण हेतु त्वरित गति से की जा रही कार्रवाई की भी सराहना की।

बैठक में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि केन्द्रीय संयुक्त सचिव के निर्देशानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान प्राप्त आवेदन पत्रों में से निराकरण हेतु शेष रह गए सभी आवेदनों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा सभी पात्र हितग्राहियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी सुनिश्चित कराया जाएगा।

चन्द्रवाल ने केन्द्रीय संयुक्त सचिव आरपी सिंह को अपने व्यस्तम समय में से समय निकालकर विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा हेतु जिले में आने के लिए हृदय से धन्यवाद देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

